

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




कौन कहता है रिश्ते बिखरे हुए हैं। सास की इच्छा महाकुम्भ में स्नान की थी, चलने में असमर्थ थी, लायक बहू उन्हें स्नान के लिए कंधे पर ले आई।

# महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान आज

- प्रयागराज में श्रद्धालुओं का तांता
- महानिर्वाणी से होगी शुरुआत
- मौनी अमावस्या पर 10 घंटे से अधिक समय तक स्नान करेंगे अखाड़े

एजेंसी | प्रयागराज

मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को अखाड़ों के संत एवं नागा संन्यासी 10 घंटे से अधिक समय तक अमृत स्नान करेंगे। सबसे पहले संन्यासी परंपरा के महानिर्वाणी एवं शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के संत सुबह 6.15 बजे स्नान करेंगे। इसके लिए संत अपने शिविर से सवा पांच बजे प्रस्थान कर जाएंगे। वहीं, आखिरी में निर्मल अखाड़ा के संत दिन में 3.40 बजे से 4.20 बजे तक स्नान करेंगे।



## गाड़ियों को मिलेगी पार्किंग की जगह

अमृत स्नान के लिए बुधवार को 8 से 9 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। त्रिवेणी संगम में इस मौके पर विशेष अमृत स्नान के लिए भक्तों का सैलाब पहले से ही जुट रहा है। हालांकि प्रशासन ने दावा किया है कि उनकी तैयारी भी पूरी है। करोड़ों की भीड़ को नियंत्रण करने के लिए सरकार और मेला प्रशासन से 26 जनवरी के बाद से ही यातायात को लेकर नए नियम जारी कर रखे हैं। नए नियमों के अनुसार 26 जनवरी से ही कुंभ मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर रखा है। इतनी ही नहीं विशेष पास भी 3 फरवरी तक निरस्त कर दिए गए हैं। प्रशासन ने प्रयागराज आने वाले वाहनों के लिए भी विशेष रुट प्लान जारी किए गए हैं साथ ही पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है।

## अमृत स्नान के लिए विशेष तैयारी

मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के लिए विशेष तैयारी की गई है। मकर संक्रांति अमृत स्नान के दौरान अखाड़ा मार्ग पर श्रद्धालु भी घुस गए थे। बैरिकेडिंग भी टूट गई थी। इसके अलावा अखाड़ों के स्नान घाट पर भी श्रद्धालु पहुंच गए थे। इसे देखते हुए मौनी के लिए अखाड़ा मार्ग पर मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। जाली भी लगाई जा रही है। ताकि, लोग बैरिकेडिंग में घुस भी ना सकें। इसके अलावा अखाड़ों के स्नान घाट का विस्तार किया गया है। इसके लिए घाट को यमुनाजी की तरफ बढ़ाया गया है। इसके अलावा घाट पर भी बैरिकेडिंग की गई है।

# फिर टले महाराष्ट्र के निकाय चुनाव

अमित बृज | मुंबई

मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक, नागपुर मनपा सहित कई नगर पालिकाओं, जिला परिषदों और पंचायतों के चुनाव का बेसब्री से इंतजार कर रहे महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों एवं जनता को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर निराशा हाथ लगी। मनपाओं (निकायों) में ओबीसी आरक्षण को लेकर हुए विवाद के कारण लगभग 5 वर्षों से निकाय चुनाव नहीं हो सके हैं।

सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मंगलवार को मामले की सुनवाई तो हुई लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका और मामला 25 फरवरी तक के लिए टल गया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की अगली सुनावाई के लिए 25 फरवरी की तारीख तय की है। अब 92 नगर पालिकाओं में ओबीसी आरक्षण दिया जाए या नहीं, इस पर निर्णय 25 फरवरी को हो सकता है। राज्य में निकाय चुनाव में नहीं होने की वजह से मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक और नागपुर सहित कई नगर निगमों और जिला परिषदों एवं पंचायतों समितियों में आयुक्त (प्रमुख अधिकारी) प्रशासक के तौर पर करीब तीन-चार वर्षों से प्रशासन चला रहे हैं।




## वक्त की कमी के कारण नहीं हुआ फैसला

मनपा में निर्वाचित जनप्रतिनिधि नहीं होने से आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। दूसरी तरफ सियासी लोग प्रशासकीय अधिकारियों पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। उम्मीद थी कि 92 मनपाओं में ओबीसी आरक्षण दिया जाए या नहीं, इस पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट निर्णय दे देगा। लेकिन वक्त की कमी के कारण मामले में फैसला नहीं हो सका।

## दिल्ली चुनाव के कारण 20 दिन की देरी

पहले उम्मीद थी की मंगलवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और कोटेश्वर सिंह की अदालत में सुनवाई होगी और फैसला आ जाएगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील देवदत्त पालोदकर ने कहा कि किसी भी पक्ष के बीच कोई मतभेद नहीं है। पालोदकर ने बाद में बताया कि सुनवाई के दौरान हमने अदालत में पंजाब मामले का उदाहरण भी दिया। दूसरी तरफ राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए एक घंटे का समय चाहिए। लेकिन कोर्ट के पास ज्यादा समय नहीं होने की वजह से सुनवाई टाल दी गई। इस मामले में पहले 5 फरवरी को सुनवाई की बात कही गई लेकिन उस दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने की वजह से सुनवाई 25 फरवरी निर्धारित की गई।

# मुंबईकरों को बड़ी राहत

- नहीं बढ़ेगा अटल सेतु का टोल टैक्स

धीरज सिंह | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अटल सेतु के टोल टैक्स में अगले एक साल तक कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह घोषणा हुई। यह फैसला मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) के लोगों के लिए बड़ी राहत है। मुंबईकर अगले 12 महीनों तक ज़्यादा टोल नहीं देना पड़ेगा। यह सेतु जनवरी 2024 में शुरू हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु का टोल 250 रुपये ही रहेगा। बीजेपी सरकार ने यह फैसला लिया है। यह मुंबई के लोगों के लिए अच्छी खबर है।



## 50 लाख वाहन गुजरे

यह देश का सबसे लंबा समुद्री पुल है। यह मुंबई के सेवरी को नवी मुंबई से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 जनवरी, 2024 को इसका उद्घाटन किया था। अगले ही दिन इसे आम जनता के लिए खोल दिया गया था। अटल सेतु ने दक्षिण मुंबई और पनवेल, पुणे, नवी मुंबई जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के बीच यात्रा को आसान बना दिया है। इससे यात्रा का समय कम से कम एक घंटा कम हो गया है। रोज़ के आने-जाने में काफी सुविधा हुई है। पिछले साल जनवरी से अगस्त तक लगभग 50 लाख वाहन इस पुल से गुज़रे। इनमें बसें, निजी कारें और व्यावसायिक वाहन शामिल हैं। इस पुल ने पूरे क्षेत्र, खासकर दक्षिण मुंबई और तेज़ी से विकसित हो रहे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को नई कनेक्टीविटी दी है। यह पुल मुंबई और नवी मुंबई के बीच की दूरी को कम करता है।

## 3 माह में तय होगा मुंबई में पेट्रोल-डीजल गाड़ियों के भविष्य

मुनीब चौरसिया | मुंबई



मुंबई महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) की खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए शहर में पेट्रोल और डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने और केवल सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को अनुमति देने की संभावना तलाशने के लिए 7 सदस्यीय समिति का गठन किया है। 22 जनवरी के सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के अनुसार, भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के सेवानिवृत्त अधिकारी सुधीर कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली यह समिति इसके अध्ययन का काम करेगी और तीन महीने के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

WALK IN INTERVIEWS
ON FRIDAY & SATURDAY
31st Jan 2025 | 1st Feb 2025

VIRAJ
VIRAJ PROFILES PRIVATE LIMITED
Building A Sustainable Stainless World

USD 1.5 Bn Stainless Steel Products
Manufacturer Poised For Expansion
NEED BUSINESS DEVELOPMENT MANAGERS / EXECUTIVES-8NOS
for its OEM & Govt business. Professionals with
proven competencies from following background may apply


- SS FASTENERS
- SS PROFILES
- SS BRIGHT BARS
- SS SEAMLESS PIPE
- SS WELDING RODS/WIRES

WE WOULD PREFER FOLLOWING ATTRIBUTES:

- BE Mech / MBA
- Age - 30 years
- Experience 3 to 5 years
- Compensation Industry Best
- Based at Mumbai
- Male

Corporate Office: Viraj Tower, Ground & 1st Floor, Junction of Andheri Kurla Road., Western Express Highway, Near Land Mark Building, Andheri (East), Mumbai, Maharashtra - 400069, India T: +91-22 6276 6200

E-Mail your CV at: neeraj.kumar@viraj.com




## दर्शन के लिए भारतीय परिधान जरूरी



श्री सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र मुंबई के दादर-प्रभादेवी के सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन के लिए अब आपको अपने कपड़ों के प्रति सचेत रहना होगा। क्योंकि मंदिर प्रशासन ने भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया है। देशभर से श्रद्धालु सिद्धिविनायक मंदिर में आराध्य देव गणेश के दर्शन के लिए आते हैं। अब भक्तों को यहां दर्शन के लिए आते समय अपने कपड़ों का ध्यान रखना होगा। जो भी भक्त ड्रेस कोड का पालन नहीं करेंगे उन्हें मंदिर प्रशासन अंदर जाने की अनुमति नहीं देगा। सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने इस संबंध में एक आधिकारिक पत्र जारी किया है। पत्र में मंदिर ट्रस्ट ने कहा है कि गणेश भक्तों को भारतीय परंपरा के अनुरूप कपड़े पहनने चाहिए ताकि अन्य नागरिकों को सिद्धिविनायक मंदिर में जाने पर शर्म महसूस न हो। भक्तों को पूरे शरीर पर कपड़े पहनने चाहिए।



# 15 साल से फरार पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार

### नालासोपारा में पुलिस ने की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता | नालासोपारा

मध्यवर्ती अपराध शाखा ने 15 साल बाद उत्तर प्रदेश के उन्नाव से पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी जवाद जब्बार सैयद ने 2011 में अपनी पत्नी की हत्या कर फरार हो गया था।

### टीम की सराहना

पुलिस उपायुक्त (अपराध) के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम में सहायक निरीक्षक दत्तात्रय सरक, फौजदार आसिफ मुल्ला, संग्राम गायकवाड, और अन्य अधिकारी शामिल थे। टीम ने दिन-रात मेहनत कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। यह गिरफ्तारी 15 साल पुराने मामले में न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।




**15 साल तक फरारी और गिरफ्तारी**

हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया, और नालासोपारा पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा ने 15 साल तक फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीम बनाई।

### जांच और गिरफ्तार

मध्यवर्ती अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक अविराज कुराडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी की खोजबीन शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पता चला कि जवाद जब्बार सैयद अपने पैतृक गांव उन्नाव, उत्तर प्रदेश में छिपा हुआ है। पुलिस ने लखनऊ पुलिस की मदद से 25 जनवरी को आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी को लखनऊ की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 28 जनवरी तक ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है।

### हत्या की घटना

पुलिस अधिकारी के अनुसार, नालासोपारा पूर्व स्थित कारगिल टेकड़ी क्षेत्र की निवासी रिहाना, अपने दूसरे पति जवाद जब्बार सैयद और तीन बच्चों के साथ रहती थी। रिहाना के पहले पति अनवर खान से उसका एक बेटा और दो बेटियां थीं। बेटा महमद हारुन ज़री कारखाने में काम करता था और समय-समय पर अपनी मां और भाई-बहनों से मिलने आता था। 22 मई 2011 को रिहाना और जवाद के बीच विवाद हुआ, जो 24 मई 2011 को आधी रात को फिर से बढ़ गया। इसी दौरान जवाद ने रिहाना के सोते समय उसके सिर पर बड़ा पत्थर फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## बिल्डिंग का वॉचमैन ही कर रहा था मासूम बच्ची का यौन उत्पीड़न

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



ठाणे शहर में एक आवासीय परिसर के 38 वर्षीय सुरक्षा गार्ड को वहां रहने वाली एक बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत चितलसर पुलिस ने आज यानी मंगलवार को बताया कि आरोपी आठ वर्षीय बच्ची को रविवार शाम मनपाड़ा-चितलसर इलाके में इमारत के पास एक सुनसान जगह पर ले गया और उसे कथित तौर पर अनुचित तरीके से छुआ। वहीं इस हरकत से घबराकर पीड़िता वहां से भाग गई और अपनी मां को जाकर घटना की जानकारी दी जिसके बाद उसके माता-पिता शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे।

**पॉक्सो के तहत मामला दर्ज**

पुलिस ने यह भी बताया कि सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## उल्हासनगर महानगरपालिका में प्रशासनिक फेरबदल

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर




उल्हासनगर महानगरपालिका में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। सहायक आयुक्त अजय साबले को जनसंपर्क अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस बदलाव के तहत, पूर्व प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले को जन्म और मृत्यु विभाग में स्थानांतरित किया गया है। महानगरपालिका प्रशासन का कहना है कि यह बदलाव नगर के प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से किया गया है। अजय साबले के पास प्रशासनिक अनुभव और कुशलता है, जो इस नई जिम्मेदारी में अहम भूमिका निभाएगी। इस बदलाव को नगर प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ाने और जनसंपर्क में सुधार के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरकर छह साल की बच्ची की मौत

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली



डोंबिवली के दावडी स्थित दर्शना पाम्स बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरकर छह साल की बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची का नाम परी छोटूलाल बिंद हैं। छोटूलाल अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ नालासोपारा में रहते हैं, मंगलवार दोपहर को छोटूलाल अपनी छह साल की बेटी परी को लेकर डोंबिवली में रहने वाले जीजाजी के घर पूजा में शामिल होने आए थे। परी बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर गैलरी में खेल रही थी जबकि घर में पूजा चल रहा था, गैलरी में ग्रिल न होने के कारण परी बिल्डिंग से नीचे गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परी के गिरने की आवाज सुनते ही सब लोग भागकर बिल्डिंग से नीचे आए और परी के पिता उसे अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। इस घटना के बाद परी के पिता ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और बिल्डिंग के डेवलपर के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। पिता का कहना है कि अगर गैलरी में ग्रिल होती तो उनकी बेटी की जान बच सकती थी। इस दुखद घटना ने इमारतों में सुरक्षा उपायों की कमी और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।


# एक साल में 2264 ठाणेकरों को मिला अंतरराष्ट्रीय वाहन लाइसेंस

## विदेश में ड्राइविंग के लिए ठाणे आरटीओ की पहल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

विदेश में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना जहां मुश्किल माना जाता है, वहीं ठाणे आरटीओ विभाग ने विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को राहत देते हुए अंतरराष्ट्रीय वाहन लाइसेंस (IDP) जारी किया है। यह लाइसेंस उन लोगों को दिया जाता है, जो शिक्षा, नौकरी या व्यवसाय के लिए विदेश जा रहे हैं।

### भारतीयों की विदेश यात्रा और ड्राइविंग लाइसेंस




अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, और जर्मनी जैसे देशों में उच्च शिक्षा, बेहतर नौकरी और व्यवसाय की तलाश में कई भारतीय जाते हैं। इन देशों में वाहन किराए पर लेना आसान होता है, लेकिन वहां स्थानीय ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना जटिल है। इस समस्या को हल करने के लिए भारत में अंतरराष्ट्रीय वाहन परमिट (IDP) जारी किया जाता है, जो विदेश में एक वर्ष तक मान्य होता है।

### ठाणे आरटीओ की उपलब्धि

ठाणे आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटील और उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर के मार्गदर्शन में जनवरी से दिसंबर 2024 तक 2264 अंतरराष्ट्रीय वाहन लाइसेंस जारी किए गए हैं। यह लाइसेंस उन्हीं को दिया जाता है, जिनके पास पहले से वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस है।

### आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज

अंतरराष्ट्रीय वाहन लाइसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज वैध ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और वीजा, दो पासपोर्ट साइज फोटो, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट हैं। सभी दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने के बाद ठाणे आरटीओ कार्यालय में सत्यापन आवश्यक है।

### नागरिकों के अनुभव

घोड़बंदर रोड, ठाणे के निवासी जयेश शर्मा ने बताया, "मैं व्यवसाय के सिलसिले में विदेश जाने की तैयारी कर रहा हूं। अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस बहुत उपयोगी है क्योंकि विदेश में किराये पर वाहन लेना सुविधाजनक होता है।"

### लाइसेंस नवीनीकरण की सुविधा


आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटील ने कहा, "अगर विदेश में रहते हुए अंतरराष्ट्रीय वाहन लाइसेंस की वैधता समाप्त हो जाती है, तो लोग ऑनलाइन आवेदन और दस्तावेज जमा करके इसे एक वर्ष के लिए नवीनीकरण करा सकते हैं।"

# अपहरण और मारपीट के आरोप में 12 लोगों पर मामला दर्ज

### जमीन के विवाद से उपजा हंगामा

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी ग्रामीण क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते एक व्यक्ति के अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। कोनगांव पुलिस स्टेशन में इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।




### क्या है पूरा मामला ?

पुलिस के अनुसार, मौजे सोनाले के सरावली गांव निवासी बलिराम मुकुंद पाटिल के दादी के नाम पर 103 गुंठा जमीन है, जिसमें से 13 गुंठा जमीन उनके पिता और मां के हिस्से में आती है। बलिराम ने डेवलपर कल्पेश शाह के साथ लेनदेन कर 4 लाख रुपये की रकम निकाली थी। इस लेनदेन से बलिराम के दादी के भाई गणपत शांताराम चौधरी और उनके परिजन अशोक चौधरी, वसंत चौधरी, विश्वास चौधरी, परेश चौधरी, धीरज चौधरी, निखिल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, रोशन चौधरी, प्रशांत चौधरी, गौरव चौधरी और नितेश चौधरी नाराज थे।

### अपहरण और मारपीट का आरोप

शिकायत के मुताबिक, इन 12 आरोपियों ने बलिराम पाटिल के घर में घुसकर दुर्व्यवहार किया। उन्होंने जबरदस्ती बलिराम को अपनी कार में बिठाकर उनका अपहरण किया और अशोक चौधरी के घर ले गए। वहां, उन्हें बेड़ियों में बांधकर उनके साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने बलिराम को धमकी दी कि वह जमीन से जुड़े किसी भी लेनदेन में शामिल न हों और जो भी रकम उन्होंने ली है, उसे लौटाने के लिए कहा। आरोपियों ने बलिराम और उनके रिश्तेदारों को जान से मारने की धमकी भी दी।

### पुलिस कार्रवाई

बलिराम पाटिल की शिकायत पर कोनगांव पुलिस स्टेशन में सभी 12 आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट, और धमकी के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# विधायक ने वसई विरार मनपा को खेल का मैदान बनाने के दिए निर्देश

### नालासोपारा के युवाओं को मिलेगा खेल का मैदान

आशु विश्वकर्मा | नालासोपारा

वसई विरार महानगरपालिका क्षेत्र में खेल के मैदान की कमी लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है। नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र के आचोले लिंक रोड और अन्य क्षेत्रों के युवा खिलाड़ियों को खेलने के लिए खुले मैदान तलाशने पड़ते हैं। इस कमी को दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक राजन नाईक ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में खेल मैदान उपलब्ध कराने का वादा किया था।



### सर्वे नंबर 49 पर खेल मैदान निर्माण की पहल

युवाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नालासोपारा पूर्व स्थित यशवंत विवा टाउनशिप के सर्वे नंबर 49 को खेल मैदान के लिए आरक्षित किया गया है। भाजपा जिला सचिव शशिकांत दुबे ने विधायक राजन नाईक को इस संबंध में पत्र लिखकर जल्द से जल्द मैदान के निर्माण की मांग की थी।

### भाजपा जिला सचिव का बयान

शशिकांत दुबे ने कहा, "यशवंत विवा टाउनशिप और नालासोपारा पूर्व के युवाओं के पास खेल मैदान की सुविधा नहीं है। मौजे अचोले के सर्वे नंबर 49 की जमीन खेल मैदान के लिए आरक्षित है और यह वसई विरार महानगरपालिका को हस्तांतरित भी की जा चुकी है।

# कल्याण पुलिस ने अवैध गांजा कारोबार का किया भंडाफोड़

### 30 किलो गांजा बरामद

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

ठाणे पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी सख्त कार्रवाई के तहत एक अंतरराज्यीय गांजा गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने कुल 29 किलो 955 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 5.98 लाख रुपये है।



### गिरफ्तारी और कार्रवाई

27 जनवरी को, डोंबिवली पूर्व के आयरेगांव में एक संदिग्ध व्यक्ति किरण हर्षदराव शहा (42 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 7 किलो 66 ग्राम गांजा बरामद हुआ। 28 जनवरी को, पुलिस ने एक और ऑपरेशन के तहत सचिन रुलिया मोरे (21 वर्ष) और संजु राजाराम लुहार (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया और उनके पास से 22 किलो 889 ग्राम गांजा बरामद किया।

### गिरोह के अन्य सदस्य की तलाश

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू की है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे यह गांजा कहां से लाए थे और इसे कहां बेचने वाले थे। पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी शुरू कर दी है। ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की जारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उल्हासनगर में बांग्लादेशी नागरिकों को लेकर सख्त पहल

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के कारण अपराधों में वृद्धि को देखते हुए प्रशासन और समाज के लोग सख्त कदम उठा रहे हैं। हाल ही में राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज ने बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर अनोखी पहल की है।




### इनाम की घोषणा

राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज ने घोषणा की है कि जो भी व्यक्ति शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की जानकारी देगा, उसे 1,111 रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। यह कदम लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए उठाया गया है।

### अवैध गतिविधियां और कार्रवाई

शहर में पिछले कुछ वर्षों से बांग्लादेशी नागरिक चोरी-छिपे रह रहे हैं। इनकी मौजूदगी के कारण आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। अब तक क्राइम ब्रांच पुलिस ने 17 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। हाल ही में एक बांग्लादेशी नागरिक द्वारा अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर में हमला करने की घटना के बाद प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। अब अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज ने व्यापारियों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति को नौकरी पर रखने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल कर लें। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि व्यक्ति की नागरिकता वैध हो।

# हाइपर सिटी मॉल में लगी आग

## दो दुकानें जलकर राख, दूर-दूर तक दिखा धुआं और लपटें

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में मंगलवार सुबह एक मॉल में आग लग गई। आग में वहां स्थित दो दुकानें जलकर खाक हो गईं। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि यहां घोडबंदर रोड पर स्थित मॉल की पहली मंजिल पर सुबह करीब आठ बजे आग लगी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद स्थानीय अग्निशमन कर्मी एवं क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के सदस्य मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अधिकारी के अनुसार, जूते की एक दुकान और उसके समीप स्थित एक अन्य दुकान पूरी तरह जल गईं। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। जिस हाइपर सिटी मॉल में आग लगी, यह घोड़बंदर रोड पर कासरवडावली के पास है। पुलिस ने बताया कि मॉल के सेकंड फ्लोर पर शूज की दो दुकानें पूरी तरह से जल गई हैं। ये प्यूमा शूज के फैक्ट्री आउटलेट हैं। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। यह शॉर्ट सर्किट भी जूते की दुकान से ही हुआ। धीरे-धीरे यह आग आस-पास के स्टोर्स में फैलने लगी। इसे बुझाने का काम शुरू किया गया। आग इतनी भयंकर थी कि धुएं का गुबार काफी दूर तक नजर आया। गलीमत थी कि आग सुबह के समय लगी, मॉल में उस समय बहुत कम लोग थे इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ है, सिर्फ माल का नुकसान हुआ है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई थी। तीन दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू किया। आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी और पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।



# शरीफुल ने ही किया था सैफ अली खान पर हमला: मुंबई पुलिस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान हमले पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई हैं। पिछले दिनों मुंबई पुलिस द्वारा पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल को लेकर कुछ सवाल खड़े हुए थे। जैसे कि उसका चेहरा सीसीटीवी फुटेज से मैच नहीं हो रहा है। उसके फिंगर प्रिंट भी नहीं मिलने की बात सामने आई थी। अब तमाम सवालों को लेकर मुंबई पुलिस ने कहा है कि हमने जिस आरोपी को पकड़ा वो सही है। मुंबई पुलिस अधिकारी परमजीत सिंह दहिया ने कहा कि इस केस की जांच में अब तक पुलिस को आरोपी के खिलाफ भरपूर सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि फिंगर प्रिंट्स को लेकर जो भी डाउट है, हम उसे दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।



### चेहरे का मिलान भी बाकी है

परमजीत सिंह दहिया ने कहा कि हमें आरोपी के खिलाफ ओरल, टेक्निकल, फिजिकल सभी तरह के सबूत मिले हैं। आरोपी जिन जिन लोगों के सम्पर्क में था, उनसे भी पूछताछ की जा रही है और ये जांच का ही हिस्सा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अभी फेस का रिकॉग्निशन नहीं किया है और हम फेस का रिकॉग्निशन एक्स्प्लोर को करेंगे। गौरतबल हो कि सोशल मीडिया पर कुछ रिपोर्ट में सीसीटीवी में दिखने वाले हमलावर से शरीफुल का चेहरा मिलाया गया था। इसके बाद सवाल खड़ा किया गया था कि मुंबई पुलिस ने जिस पकड़ा है उस चेहरा मैच नहीं कर रहा है।

### पुलिस ने दोहराया अपना दावा

मुंबई पुलिस से प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि फिंगर प्रिंट्स के सैंपल सीआईडी (CID) के पास भेजा गया है और हमने जिस आरोपी को अरेस्ट किया है वो सही आरोपी है। किसी भी आरोपी को पकड़ने से पहले हर तरह के सबूत इक्ट्ठा किए जाते हैं फिर चाहे वो फिजिकल, ओरल, टेक्निकल सबूत क्यों ना हो? परमजीत सिंह दहिया ने बताया कि आरोपी ने पुलिस को किसी भी तरह से भ्रमित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अभी सैफ पुलिस ने सैफ से कोई संपर्क नहीं किया है और उन्हें लीलावती अस्पताल से फोन आया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी बांग्लादेश से आने के बाद कोलकाता आया था और वहां वो आने के बाद किस-किस से मिला? इसकी पूछताछ करने के लिए पुलिस कोलकाता गई है।

# अवैध बांग्लादेशियों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र देने वाले अधिकारी निलंबित

● सोमैया ने लगाया था आरोप

डीबीडी संवाददाता | मालेगांव/मुंबई

नासिक जिले के मालेगांव तहसील में जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में कथित अनियमितताओं के लिए पिछले सप्ताह दो राजस्व अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इसके बाद महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने मंगलवार को कहा कि देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के प्रति प्रदेश सरकार के रुख में कोई नरमी नहीं आयी है।



भारतीय जनता पार्टी नेता किरीट सोमैया ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में एक घोटाले के तहत अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्याओं को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। सोमैया ने कहा कि गृह विभाग का प्रभार भी संभाल रहे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन गड़बड़ियों के उजागर होने के बाद कड़ी कार्रवाई की है। भाजपा नेता ने कहा कि घोटाले के तहत फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और स्कूल प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। पिछले छह महीने से अधिक समय में 2.14 लाख बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं ने महाराष्ट्र में जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है।

### 1.13 लाख फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए

मुंबई से पूर्व भाजपा सांसद किरीट सोमैया ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि "कुल मिलाकर इन विदेशी नागरिकों को संदिग्ध परिस्थितियों में 1.13 लाख जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इन फर्जी प्रमाण पत्रों को जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने दावा किया कि जालना जिले की भोकरदन तहसील में सबसे अधिक आवेदन मिले और जालना जिले में कुल 7,957 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए।

### किरीट सोमैया ने किया था दावा

हालांकि आदेश में निलंबन के कारणों के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है लेकिन किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि "अधिकारियों ने बांग्लादेशी रोहिंग्या लोगों को 3,977 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए थे, जिन्होंने जाली दस्तावेज जमा किए थे। मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के फैसले का स्वागत करता हूं।"

### गृह राज्य मंत्री बोले- कोई नरमी नहीं

गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि हमारी सरकार की नीति देश में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है। जब हम उन्हें जन्म प्रमाण पत्र देते हैं, तो हम नागरिकता का आधिकारिक प्रमाण देते हैं। नायब तहसीलदार संदीप धरंकर और नितिन कुमार देवरे के निलंबन को रद्द करने की राजस्व अधिकारियों की मांग के बारे में कदम ने कहा कि "यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जिसके कारण निलंबित किया गया। मुझे कोई ज्ञापन नहीं मिला है। लेकिन मैं उनकी मांगों पर चर्चा करूंगा और फिर इसका समाधान ढूंढूंगा।"

# शिवसेना ने कांग्रेस-AAP से किया किनारा

● दिल्ली चुनाव में प्रचार करने नहीं जाएंगे उद्धव ठाकरे



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

दिल्ली विधानसभा चुनाव का रंग जम चुका है। प्रचार जोरों पर है लेकिन विपक्षी गठबंधन यानी INDIA ब्लॉक में दरार आ गई है। लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ रही है। तो वहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली महाविकास अघाड़ी को मिली करारी हार के बाद गठबंधन के दलों में दूरियां बढ़ रही है। महाराष्ट्र में गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के रास्ते अलग हो गए है। महाराष्ट्र की हार के बाद उद्धव गुट का कांग्रेस से मोह भंग होता नजर आ रहा है। इसका ताजा संकेत संजय राउत के बयान और शिवसेना (यूबीटी) के रुख में नजर आ रहा है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस या आप के लिए प्रचार नहीं करेंगे। सांसद संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि पार्टी ने तटस्थ रुख अपनाया है।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर केस

# बाबा सिद्दीकी की डायरी में मोहित कंबोज का जिक्र

● कंबोज बोले- वे मेरे दोस्त थे, हत्या के दिन बात हुई थी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के मशहूर नेता बाबा सिद्दीकी हत्या कांड में बीजेपी नेता मोहित कंबोज का नाम आने के बाद सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने अपने बयान में मोहित कंबोज का नाम लिया है, जिसके बाद अब मोहित ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। मोहित का कहना है कि बाबा सिद्दीकी से उनके अच्छे ताल्लुकात थे, जीशान के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है।



### हत्या मामले में जीशान ने क्या कहा है?

पुलिस को दिए अपने बयान में जीशान ने कहा है कि कुछ बिल्डर स्लम को हटाकर बिल्डिंग बनाना चाहते थे, जिसका मेरे पिता ने पुरजोर विरोध किया था। इस विरोध की वजह से पिता बिल्डरों के निशाने पर आ गए थे। दरअसल, बांद्रा में स्लम परियोजना के तहत झुग्गी-झोपड़ी को हटाकर बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव था।

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैकमैन के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष उपलब्ध कराना**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/274 दिनांक 24/01/2025** आमंत्रित करते हैं. **कार्य और स्थान: विरार-जोरावासन सेक्शन** TFR-22.138Tkm के संबंध में सीनियर डीईएन/उत्तर के अधिकार क्षेत्र में ट्रैकमैन के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष उपलब्ध कराना और ट्रैकमैन के लिए टूल रूम सह विश्राम कक्ष उपलब्ध कराना. इलेक्ट्रिक (पी) भाग सहित समग्र निविदा. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 4,46,69,821.29. ईएमडी- रु.3,73,400/-. **जमा करने की तिथि और समय:** 21.02.2025, 15:00 बजे तक. **खोलने की तिथि और समय:** 21.02.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ. 1015

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**MAHAVITARAN**
Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**e -Tender Notice**

**MAHARASHTRA STATE ELECTRICITY DISTRIBUTION CO. LTD .**

Total No's of **Ten** Tender's i.e. **T-132, T-133, T-134, T-135, T-136, T-137, T-138, T-139, T-140 & T-141 (2024-25)** for various types of Civil works under company's Civil Division, MSEDCL, Bhandup office have been made available on **www.mahadiscom.in** e-Tender website. Tenders are available for sale from **Dt. 29.01.2025 to 04.02.2025** & Last Date of submission of Tenders will be up to **Dt. 05.02.2025 1.00 PM.** For any changes in Tender edition/dates/etc., corrigendum will be henceforth published on our website.

**Sd/-**

**Executive Engineer (C) CCCM, Bhandup.**

**मध्य रेल**

**इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग गियर को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलना**

**खुली निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं. एवं दु.सं./पी जे टी/2025-07**

भारत के राष्ट्रपति और मध्य रेलवे, मुंबई सीएसटी 400 001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन दिनांक 25/02/2025 को 15.00 बजे तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15.15 बजे खोला जाएगा। **कार्य का नाम:** मुंबई मंडल के सीएसएमटी-केवाईएन सेक्शन में माजगांव यार्ड आरआरआई के इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग गियर को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलना और 8 स्टेबलिंग साइडिंग का प्रावधान। **लगभग मूल्य:** Rs. 14.24 Crores **ईएमडी:** Rs. 862200.00/- **खुलने की तारीख:** 25/02/2025 **वैधता:** 60 days **समापन अवधी:** 12 Months. यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के ''नोटिस बोर्ड'' में भी उपलब्ध है।

**DRM (S&T) CSMT** 730

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**पसंद की अभिव्यक्ति**

नजदीकी सीजीएचएस/ईसीएचएस/ईएसआई/सार्वजनिक से आमंत्रण रेलवे लाभार्थियों को आपातकालीन उपचार प्रदान करने के लिए सेक्टर सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध मल्टी स्पेशलिटी/सुपर स्पेशलिटी अस्पताल। **कार्य का नाम:** रेलवे लाभार्थियों को आपातकालीन उपचार प्रदान करने व लिए सीजीएचएस/ ईसीएचएस/ईएसआई/सार्वजनिक क्षेत्र के सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध मल्टी स्पेशलिटी/सुपर स्पेशलिटी अस्पताल। **आवेदन और करार/समझौता ज्ञापांक प्रस्तुत करने के लिए कार्यालय का पता:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सेंट्रल रेलवे अस्पताल के ऑफिस, पोस्ट - कल्याण (प) -421301. **समझौता ज्ञापन/करार पर हस्ताक्षर किए और मुहर लगा के साथ आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** विज्ञापन के समय से 02 माह। **पैनलबद्धता अवधि:** विज्ञापन की मंजूरी से 2 वर्ष। **सूचना अपलोड की गई है वो वेबसाइट: www.cr.indianrailways.gov.in (Tender Ref.No.: KYN/H/EMPANEL/2025). दर:** प्रचलित गैर-एनएबीएच सीजीएचएस दरें, यदि एनएबीएच मान्यता प्राप्त है तो एनएबीएच दरों पर। यदि प्रक्रिया सीजीएचएस दर सूची में उपलब्ध नहीं है, तो एम्स नई दिल्ली की दरें लागू होंगी। यदि एम्स नई दिल्ली की दर सूची में दरें उपलब्ध नहीं हैं, तो अस्पताल की दरें 15-20% छूट के साथ। **रोगी वाहन:** निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्रदान की जाएगी। **निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी):** मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के लिए 10.0 लाख (पीबीजी) एकल विशेष अस्पताल के लिए 2.0 लाख रुपये। **मान्यता:** यदि एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त है तो प्रमाण पत्र संलग्न करें। यदि सीजीएचएस/ईसीएचएस/ईएसआई/सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा सूचीबद्ध है तो उचित प्रमाण पत्र संलग्न करें। **इच्छा:** हम रेलवे लाभार्थियों को 2 वर्षो तक उपरोक्त शर्तों पर सेवाएँ प्रदान करने के इच्छुक हैं। रेलवे प्रशासन बिना किसी कारण बताए किसी भी या प्रस्तावों को स्वीकार करने, अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है , यदि कोई प्रश्न हो तो कृपया संपर्क करें: डॉ. एम डी. गांगुर्डे, सीएमएस कल्याण (सीयूजी.नंबर 8828119500, रेलवे नंबर 63250) डॉ. रजनीश प्रकाश, एसीएमएस (प्रशासन) के वाईएन (सीयूजी नंबर 8828119513, रेलवे नंबर 63259) डॉ. कृष्णा सहाना, सीनियर डीएमओ (इम्पैनलमेंट) कल्याण (सीयूजी-8828119532, रेलवे 63270)

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कल्याण** 731

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे**
**मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008**

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-29 | 05.02.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान/क्षेत्र | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MSS-BCT-VAPI-PTKiosk-51-25-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु वापी स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 05-02-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1 (Misc-Static-Services Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 05-02-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services-Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 05-02-25 14:50:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-68 | 05.02.2025 को 15.00.00 बजे |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (Advertising-Out of Home) | सड़क उन्मुख, प्लेटफॉर्म नं. 1 पिलर वॉल्स के पश्चिमी तरफ, चर्चगेट स्टेशन पर वॉल पेंटिंग के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 730 | 05-02-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-MMCT-OSD-395-25-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) | 5 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल (मेन) स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 05-02-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-GMN-OSD-360-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) | 5 वर्षों की अवधि हेतु गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन पर वीडियोवॉल के अधिष्ठापन और संचालन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 05-02-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) | 5 वर्षों की अवधि हेतु स्टेशन भवन पर मरीन लाइंस (एमईएल) पर एलईडी स्क्रीन्स हेतु थोक विज्ञापन अधिकार | 1826 | 05-02-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-ADH-OSN-392-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु प्लेटफॉर्म्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 05-02-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु फूट ओवर ब्रिजेस और सीढ़ियों की लैंडिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 05-02-25 16:20:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-30 | 07.02.2025 को 14.00.00 बजे |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1(Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन्स) तक स्टेशनों / स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 07-02-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 07-02-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-CCG-SS-42-24-1 (Misc-Static-Services - Salon Services) | चर्चगेट स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाएं प्रदान करने हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 07-02-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-ADH-SS-43-24-1 (Misc-Static-Services - Salon Services) | आकार 32'x10'=320 वर्गफीट के कॉलम नं. 28 और 29 के बीच पश्चिमी अपर डेक के उत्तर पश्चिम तरफ में, अंधेरी स्टेशन पर यूनिसेक्स सलून सेवाएं प्रदान करने हेतु एयर कंडीशन्ड सलून कियोस्क के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी करना. | 1096 | 07-02-25 15:00:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-69 | 07.02.2025 को 15.00.00 बजे |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BVI-OH-364-24-1 (Advertising-Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 30'x30'(1) = 900 वर्गफीट के दक्षिणोन्मुख मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर के पूर्वी तरफ बोरीवली स्टेशन के उत्तर पूर्वी सर्कुलेटिंग एरिया में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 07-02-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-24-1 (Advertising-Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 1600 वर्ग फीट के कुल एरिया के V-आकार के आकार 20'x20'(2) के 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स-नायगांव आरओबी में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 07-02-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-24-1 (Advertising-Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 20'x20'(1) 400 वर्गफीट के गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिमोन्मुखी, एसएसई (पी.वे)-बीवीआई के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 07-02-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-GMN-OSN-362-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु बस स्टॉप उन्मुख, स्टेशन भवन के अग्रभाग पर ग्लोसाइंस हेतु गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन पश्चिमी तरफ में थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 07-02-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-BVI-OSN-359-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु प्लेटफॉर्म्स पर बोरीवली (बीवीआई) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 07-02-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-PBHD-OSN-299-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | तीन वर्षों की अवधि हेतु प्रभादेवी (पीबीएचडी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 07-02-25 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-MDD-OSN-301-23-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | डिसप्ले बोर्ड्स के जरिए तीन वर्षों की अवधि हेतु सीढ़ियों की लैंडिंग्स तथा एस्केलेटर्स के पिलर्स पर मालाड (एमडीडी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 07-02-25 16:30:00 |

**टिप्पणी :** संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है. 1012

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

संख्या-उप.सीच.ई.एम.एंड.ई/4291/ई.एस. दिनांक 28.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) |
| उप विभाग | उप मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) ई.उप |
| ई-निविदा संख्या | 2025_एमसीजीएम_1141773_I |
| विषय | चीता कैंप, एम/ई वार्ड में सहाजीनगर मैटरनिटी होम में संबद्ध यांत्रिक एवं विद्युत कार्यों के साथ 82.5 केवीए डी.जी. सेट की एस.आई.टी.सी.। |
| निविदा बिक्री | बोली आरंभ तिथिः 29.01.2025 समयः 11.00 बजे<br>बोली समाप्ति तिथिः 04.02.2025 समयः 16.00 बजे |
| वेबसाइट | www.mahatenders.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | |
| A) नाम | श्रीमती प्रीति वैभव बिरारी |
| B) कार्यालय टेलीफोन | - |
| C) मोबाइल नंबर | 9167742992 |
| D) ई-मेल पता | aees02.me@mcgm.gov.in |

हस्ता./
(श्री वी.के. म्हात्रे)
अधिशाषी अभियंता (एम एंड ई) ई.एस. II

पीआरओ/2364/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन**

**निविदा के लिए सूचना**

**विषयः बी.एम.सी. स्कूल के छात्रों को अस्पताल के स्कूल क्लिनिक (समूह-ए से समूह-सी) तक ले जाने के लिए किराए पर बसों की आपूर्ति**

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का परिवहन विभाग, बृहन्मुंबई नगर निगम (बी.एम.सी.) निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनिवार्य पूर्व-योग्यता मानदंडों के अनुसार योग्य निविदाकर्ता से "बी.एम.सी. स्कूल के छात्रों को अस्पताल के स्कूल क्लिनिक (समूह-ए से समूह-सी) तक ले जाने के लिए किराए पर बसों की आपूर्ति" के कार्य के लिए ऑनलाइन बोलियाँ आमंत्रित करता है।

बोली आरंभ तिथि और समय **29.01.2025 को 11:00** बजे के बाद है।

बोली समाप्ति तिथि और समय **04.02.2025 को 04.00** बजे तक है।

बोलियाँ महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल (महाटेंडर्स) (http://mahatenders.gov.in) के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम से डाउनलोड की जा सकती हैं। साथ ही टेंडर कॉपी को बीएमसी के पोर्टल http://portal.mcgm.gov.in से "ई-प्रोक्योरमेंट" सेक्शन के अंतर्गत डाउनलोड किया जा सकता है।

कृपया ध्यान दें कि बोली दस्तावेज़ डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किया जाएगा। अब से, इस टेंडर के बारे में सभी शुल्क, नोटिस, अपडेट, संशोधन, शुद्धिपत्र, आगे की जानकारी आदि केवल महाटेंडर पोर्टल पर पोस्ट की जाएगी।

हस्ता.
अधिशाषी अभियंता (शहर)

पीआरओ/2362/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

# मनरेगा की विसंगति

इसमें दो राय नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी में कमी लाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना ने जहां एक ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने गांव के पास रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, वहीं अंतर्राज्यीय प्रवास को कम किया है। साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति भी बढ़ी है। काम की तलाश में शहरों को जाने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी के भी आंकड़े सामने आए हैं। खासकर कोरोना संकट में जब ग्रामीण महानगरों से पलायन करके बड़ी संख्या में गांव की तरफ लौटे तो इस योजना ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई है। लेकिन फिलहाल ग्रामीण आजीविका के लिये जीवन रेखा कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बार फिर धन की कमी से जूझ रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई मनरेगा योजना राजग सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। वार्षिक वित्तीय संकट से जूझ रही मनरेगा योजना के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 में 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसके बावजूद 4,315 करोड़ मूल्य का वेतन भुगतान लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में इस योजना के केवल छह माह में ही 6,146 करोड़ का घाटा हुआ था। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 89,400 करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 33 प्रतिशत अधिक था। निस्संदेह, ग्रामीण श्रमिकों के लिये लायी गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो केंद्र सरकार की वित्तपोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासंगिक प्रश्न उठाती है। इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगितयों को ही दर्शाती है। वहीं कांग्रेस ने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की है। निस्संदेह, यह मांग महंगाई के बीच एक स्थायी समाधान के बजाय एक राजनीतिक दृष्टिकोण को ही दर्शाती है। निस्संदेह, कांग्रेस की यह मांग राजनीतिक लाभ के लिये एक लोकप्रिय कदम तो हो सकता है, मगर यह योजना की मूल समस्या के कारकों को संबोधित करने में विफल रहती है। मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रणालीगत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। दरअसल, भुगतान के लिये अपनायी गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीकी कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कनेक्टिविटी की बाधाओं और आधार सत्यापन की आवश्यकताओं के कारण बड़े पैमाने पर जॉब कार्ड हटाए गए हैं। यही वजह है कि अनेक कारणों के चलते वर्ष 2022 में करीब नौ करोड़ श्रमिकों ने इस योजना तक अपनी पहुंच खो दी है। हालांकि, इस प्रणाली को पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों के रूप में प्रचारित किया गया। लेकिन ये कदम लाखों श्रमिकों के लिये आजीविका के मार्ग में बाधा बन गए। उल्लेखनीय है कि मनरेगा को ग्रामीण परिवारों के लिये आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक मांग संचालित योजना के रूप में तैयार किया गया था। निस्संदेह, मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी के संकट को ही उजागर किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती काम की मांग और शहरी क्षेत्रों में नौकरियों की कमी के संकेत लगातार मिलते रहे हैं। निस्संदेह, गांवों में गरीबी उन्मूलन में मनरेगा के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता। आसन्न बजट में इस योजना से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने के लिये गंभीर प्रयास की जरूरत है। सरकार को मनरेगा के लिये एक व्यावहारिक बजट बनाना चाहिए। साथ ही योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिये प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। निर्विवाद रूप से मनरेगा में मांग के अनुपात में धन का आवंटन लगातार कम हो रहा है। यही वजह है कि फंड की कमी के चलते वर्ष के मध्य में अनुमानित संकट पैदा हो रहा है। जो नीति नियंताओं के इसके क्रियान्वयन के संरचनात्मक अंतर को दर्शाता है। निस्संदेह, इस नीतिगत विसंगति को दूर किया जाना चाहिए।

# लड़ाई-लड़ाई जपने से बेहतर सुलह का जाप



**ज्योति मल्होत्रा**

वैश्विक राजनीति के तेजी से बदलते परिदृश्य के बीच, गत सप्ताह बहुत कुछ घटा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टीवी चैनल फॉक्स न्यूज को बताया कि उन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोह से ठीक पहले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से 'टिकटॉक, व्यापार और ताइवान' को लेकर बात की थी और यह बातचीत दोस्ताना रही। अब हम जानते हैं कि ट्रम्प ने जिनपिंग को अपने शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने खुद न जाकर अपने उपराष्ट्रपति हान झेंग को भेजा। इतना ही नहीं, उसके बाद से ट्रंप ने टिकटॉक पर प्रतिबंध के अलावा चीनी आयात पर प्रस्तावित अतिरिक्त शुल्क लगाना (60 प्रतिशत की उच्च दर तक) स्थगित कर दिया है। हम यह भी जानते हैं कि शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या तक वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी ट्रम्प की ट्रांजिशन टीम से प्रधानमंत्री मोदी को भी आमंत्रित करने का अनुरोध करते रहे। लेकिन ट्रम्प के लोगों ने यह कहते हुए टालमटोल की कि पहले ही बहुत कुछ हो रहा है और अब पर्याप्त समय भी नहीं बचा – कुछ ऐसा ही बहाना। इसके बजाय, उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर को उस दोपहर हुए पूरे समारोह में पहली पंक्ति में जगह दी (हान झेंग कहां बैठे, कोई नहीं जानता)। अमेरिकियों को इस बात का अच्छी तरह अहसास है कि किसी भी विदेश नीति की सफलता में 'कोई धारणा बनाने' का हिस्सा आधा होता है, इसलिए उन्होंने अगले दिन क्वाड मीटिंग का आयोजन भी किया – इससे चीनियों को संदेश दिया है कि आप भले ही हम से मुकाबला करने की सोच रहे हैं,लेकिन हमारे साथ भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान भी हैं। सभी के लिए, खासकर भारत के लिए, बड़ा संदेश यह है कि 'नए' अमेरिका को किसी से भी बात करने में कोई गुरेज नहीं है –अतएव,हमारे लिए भी अपने अड़ोस-पड़ोस पर नज़र डालनी और विचार करना वाजिब होगा कि महाकुंभ में गंगा के प्रवाह से भी अधिक तेजी से कैसे देश अपने दोस्त बदल रहे हैं। एक महीना पहले तक, यही ट्रम्प जिनपिंग को राह पर आने या नतीज़ा भुगतने की धमकियां दे रहे थे –लेकिन अब स्याम देश की बिल्ली की तरह 'गुर्रा' रहे हैं। यही नहीं, पिछले सप्ताह की शुरुआत में, 2009 के बाद से पहली बार पाकिस्तान के आईएसआई प्रतिष्ठान की एक टीम बांग्लादेश के लिए रवाना हुई, इसके कुछ दिन पहले बांग्लादेश सशस्त्र बल के मुखिया लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन के नेतृत्व में बांग्लादेशी सैन्य प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचा था। इस तमाम मंथन के बीच, एकमात्र रिश्ता जो दृढ़ बना हुआ है, वह है जिसे पाकिस्तान और चीन 'पहाड़ों से भी ऊंचा, समुद्र से भी गहरा और शहद से भी मीठा' संबंध बताते हैं यानि दोनों के बीच यारी। तो जब आप पृथ्वी को अपनी धुरी पर घूमते हुए देखें तो वहीं पुरानी वफ़ादारी के छिटककर टूटने और नई वफ़ादारियां बनने वाले रोमांच को भी महसूस करें। यह वही है जैसे पंजाब में आप लोहड़ी पर पुरानी और अवांछित लकड़ी को अलाव में डाल देते हैं, जब मकर संक्रांति के दिन माघ का महीना शुरू होता है, और एक नया जीवन-पथ आपकी बाट जोह रहा होता है। जरा देखिए तो, माघ ने अब तक दुनिया को क्या-क्या संकेत दिए हैं : अमेरिका और चीन के बीच नई दोस्ती, चीन-पाकिस्तान के बीच पुराने संबंधों का अक्षुण्ण बने रहना और साथ ही पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच एक असामान्य घनिष्ठता – आखिरकार, एक समय वे एक ही मुल्क का हिस्सा थे, जब तक कि 1971 में उनकी दुनिया बदल नहीं गई और एक नए राष्ट्र का जन्म नहीं हुआ। अब दुनिया फिर से बदल रही है। यह स्पष्ट है कि बांग्लादेश की प्रभारी अब आईएसआई होगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस एक ऐसा मुखौटा साबित हुए हैं, जिसने 'रक्षक' वाली अपनी भूमिका बखूबी निभाई है – इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनका अगला कदम क्या और कब होगा, एक बार फिर दक्षिण एशिया की राजनीतिक बिसात पर शुरू हुए नए महान खेल में नवीनतम दौर को पाकिस्तान ने जीत लिया है। बांग्लादेश में भारत को भले ही कुछ धक्का लगा है –लेकिन एक तरह से यह अच्छा है कि वह अपने पुराने मित्र यानि शेख हसीना का साथ निभा रहा है। और चूंकि आईएसआई की ढाका में वापसी हो गई है, इसलिए आप इस पर शर्त लगा सकते हैं कि भारत के उत्तर-पूर्व को अस्थिर करने के प्रयास का इस क्षेत्र में नया खेल होगा। याद रहे कि मणिपुर लगभग दो वर्षों के बाद भी हिंसा की त्रासदी से जूझ रहा है, कि असम में भी स्थिति चिंताजनक है, कि मिजोरम को भी शांत नहीं कह सकते –यह भी कि बांग्लादेश बगल में है। इसलिए गणतंत्र दिवस के दिन जब विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बीजिंग के लिए उड़ान भरी- इस प्रतीकात्मकता की विवेचना किसी और दिन के लिए रखते हुए – तथ्य यह है कि हाल ही में रूस के कज़ान में मोदी-जिनपिंग गले मिले थे, जिसके पीछे निस्संदेह मध्यस्थता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की रही, फलस्वरूप भारत और चीन, दोनों के लिए, लंबे समय से चले आ रहे अपने क्षेत्रीय विवादों पर बातचीत की शृंखला को फिर शुरू करना आसान हुआ। यह एक अच्छी बात है। 'लड़ाई-लड़ाई' करने की तुलना में 'बात-बात' बेहतर है, खासकर जब आप भारत और चीन के बीच भारी सैन्य अंतर को ध्यान में रखें। इसलिए नई बनी सहमति ने भारतीय सैनिकों का उस इलाके में फिर से गश्त लगाना संभव बनाया है, जहां वे अप्रैल 2020 के बाद से जा नहीं पाए थे। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि 'बफर जोन' कहां है और क्या दोनों पक्ष अप्रैल 2020 से पहले वाले मोर्चों तक पीछे हटेंगे या नहीं। इस बीच, यह भी अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के साथ जल्द से जल्द बैठक करना चाहते हैं – इससे वे अमेरिका-चीन के बीच पक रही नई खिचड़ी को समझ सकेंगे, जिसके पीछे मुख्य सूत्रधार एलन मस्क हैं। जाहिर है ट्रंप और मस्क दोनों ही अत्यधिक व्यापार असमानता को फिर से संतुलित करना चाहेंगे, जो वर्तमान में चीन के पक्ष में है, लेकिन उन्हें 'दुश्मन' से बात करने में कोई हिचक नहीं है। पुतिन भी वर्तमान में यही कर रहे हैं – घेराबंदी, पैंतरेबाजी, दो-दो हाथ करना। वे कह रहे हैः आइए बात करते हैं, आखिर आप चाहते क्या हैं? पिछले दो वर्षों से पुतिन भले ही यूक्रेन में अपने से रोटी-बेटी का रिश्ता रखने वालों पर कहर बरपा रहे हैं, फिर भी यह स्पष्ट है कि उन्होंने बाइडेन के उत्तराधिकारी के साथ बातचीत के लिए तैयारी कर रखी है। भारत के साथ समस्या यह है कि वह बड़े देशों के खेल के बीच भावनाओं को आड़े आने देता है। ट्रंप, पुतिन और जिनपिंग की निस्बत – जो अपने 'दुश्मनों' से भी बातचीत करने के लिए सदा तैयार रहते हैं – क्योंकि राजनीति का पहला नियम है : जितना अपने दोस्तों को करीब रखें उससे ज्यादा पास अपने दुश्मनों को । अलबत्ता प्रधानमंत्री मोदी कई कारणों से पाकिस्तान से बात करना करना नहीं चाहेंगे। सीमा पार आतंकवाद, या कुछ और? लेकिन फिर एक खबर यह भी है कि दिल्ली नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से खुश नहीं है क्योंकि उन्होंने दिल्ली आने के बजाय पहले बीजिंग की यात्रा करने की हिमाकत की और इसलिए ओली की दिल्ली आमद हमेशा के लिए स्थगित कर दी गई। यह अलग बात है कि पाकिस्तान और नेपाल, दोनों से मनमुटाव का मुख्य लाभार्थी चीन है – इसलिए रहस्यमय सवाल यह है कि भारत भले ही इनकी सरकारों से सहमत न हो लेकिन इन देशों के आम नागरिकों को दंडित क्यों कर रहा है? कभी सोचिएगा कि अविश्वसनीय रूप से विविधता से भरपूर, वह प्राचीन राष्ट्र जिसने सदा अपनी लय कायम रखी है, उसे महानता हासिल करने में क्या आड़े आ रहा है? माघ के इस महीने में, जवाब मिल सकते हैं, बस आपको यह पता होना चाहिए है कि उन्हें खोजना कहां है।

जीवन मंत्र

# खोज के पीछे आनंद की प्यास

मनुष्य हर समय कुछ न कुछ खोज रहा है; चाहे वह धन की खोज में हो, चाहे वह शक्ति की खोज में हो, या चाहे वह प्रेम की खोज में हो; वह किसी न किसी खोज के पीछे भाग रहा है।

सहज योग एक नई खोज है। वास्तव में जो रखा गया है, जो है, उसकी खोज कैसे होती है? जैसे कोलंबस ने भारत को खोजने के लिए यात्रा शुरू की थी, तो क्या भारत वहां नहीं था? यदि वह न होता तो वह क्या खोज रहा होता? सहज वहाँ पहले से ही रहा है। इसका पता अभी चला है। सहज योग सर्वोच्च सार का अपना तरीका है। यह प्रकृति की अपनी पद्धति है। यही एकमात्र रास्ता है जहां मानव जाति को विकास के माध्यम से उस आयाम तक ले जाया जा सकता है, जिससे मानव जाति उस चेतना से परिचित हो सकती है, उस चेतना से लीन हो सकती है, जिसके सहारे यह संपूर्ण सृष्टि और मनुष्य का हृदय गतिमान है। इस बारे में बहुत कुछ लिखा जा चुका है। प्राचीन काल से ही इसकी खोज चली आ रही है। मनुष्य हर समय कुछ न कुछ खोज रहा है; चाहे वह धन की खोज में हो, चाहे वह शक्ति की खोज में हो, या चाहे वह प्रेम की खोज में हो; वह किसी न किसी खोज के पीछे भाग रहा है। लेकिन उस तलाश के पीछे क्या प्यास है, शायद वह नहीं जानता। इसके पीछे केवल आनंद की चाह है। खुशी की तलाश में वह सोचता है कि अगर वह ढेर सारा धन इकट्ठा कर ले तो वह खुश रह सकता है। लेकिन ऐसे कई देश हैं जिन्होंने बहुत सारी संपत्ति अर्जित की है और बहुत दुखी हैं। हजारों लोग खुद को मार रहे हैं। इस सारी खोज के पीछे आनंद की प्यास है जो आपको इस अज्ञात की ओर खींच रही है। जब मनुष्य को हर जगह ढूंढने के बाद भी कोई खुशी नहीं मिलती तो वह धर्म की ओर मुड़ जाता है। और जब वह धर्म की ओर मुड़ता है तब भी वह बाहर खोज रहा है। इसका कारण यह है कि वह स्वयं जो है वह खो चुका है। वह अज्ञानी है और इसीलिए मनुष्य स्वयं से भागता है। प्रत्येक क्षण वह स्वयं से भाग रहा है। वह अपने पास दो मिनट भी नहीं बैठ सकता। अगर उसे दो मिनट अपने पास बैठने को कहा जाए तो वह कहता है 'हे भगवान ये मेरे लिए कैसी सजा है।' जिसे हम आजकल बोरियत कहते हैं। मनुष्य स्वयं से इतना तंग क्यों आ गया है? इंसान खुद से इतनी तेजी से क्यों भाग रहा है? क्योंकि वह स्वयं से अनभिज्ञ है। वह अपनी सुंदरता, अपने ज्ञान, अपनी महिमा, अपने प्रेम से अनभिज्ञ है और खुशी की तलाश में बाहर की ओर भाग रहा है। आनंद बाहर नहीं है. यह भीतर है। यह आपके भीतर है। लोग कहते हैं आप भगवान का रूप हैं। सिर्फ बात करने से ये होने वाला नहीं है. मराठी में वे कहते हैं, "बोलाचच भट बोलाचिच कढ़ी" (केवल वादे करना लेकिन उन्हें पूरा नहीं करना)।

जीवन ऊर्जा

ओपरा गैल विनफ्रे : 29 जनवरी, 1954 — जन्म

29 जनवरी,1954 को अमेरिका में जन्मी ओपरा गैल विनफ्रे एक जानी-मानी न्यूज रिपोर्टर, प्रेरणात्मक वक्ता, लेखक, समाजसेवी, टेलीविजन प्रोड्यूसर, एंकर और प्रसिद्ध टॉक शो 'ओपरा विनफ्रे शो' की होस्ट रह चुकी हैं। उनके टॉक शो को साल 1986 से 2011 तक टीवी पर प्रसारित किया गया था। उनका यह शो इतिहास का सबसे अधिक लोकप्रिय और सबसे ज्यादा टीआरपी वाला शो बन गया था। ओपरा गैल विनफ्रे को 20वीं सदी की मीडिया की रानी के नाम से जाना जाता है। विश्व की सबसे प्रभावशाली और शक्तिशाली महिलाओं में से एक ओपरा गैल विनफ्रे को 20 सदीं की अमेरिका की सबसे अमीर अफ्रीकी अमेरिकी लिपिकार होने के सम्मान से भी नवाजा जा चुका है।

# तैयारी और अवसर का मिलना ही भाग्य हैं



हम जहां हैं, वहीं रहकर कभी हम जो चाहते वो नहीं बन सकते। मुझे लगता हैं कि तैयारी और अवसर का मिलना ही भाग्य हैं। अपने जख्मों को ज्ञान में बदलो। आप वो नही बनते जो आप चाहते हो, आप वही बनते हो, जिस पर आपका भरोसा होता है। असल ईमानदारी ये जानते हुए सही चीज करने में हैं कि कोई और ये नहीं जान पाए की आपने ये किया है या नही। यदि आपका दोस्त आपको बार बार नाराज करता है, तो उसमें कहीं ना कहीं आप ही की गलती है। अभी भी मेरे पैर जमीन पर हैं, बस मैं अब अच्छे जूते पहनती हूं। जहां संघर्ष नहीं हैं, वहां शक्ति नहीं है। अपने सपनों की दुनिया को असलियत में जीना ही आपके लिए सबसे बड़ा जोखिम होगा। चुनौतियां एक पुरस्कार की भांति होती हैं, जो हमें नए अवसर ढूंढ़ने का मौका देती हैं, जहां हम अपने आप को स्थापित कर सकें। आप सब कुछ हासिल कर सकते हो, लेकिन एक ही समय सब कुछ नहीं पा सकते। हम जहा हैं वहीं रहकर कभी हम जो चाहते वो नही बन सकते।


आप जितना अधिक अपने जीवन की प्रशंसा करेंगे और उसका जश्न मनाएंगे उतना ही आपके जीवन में जश्न मनाने को होगा। एक रानी की तरह सोचे। एक रानी जिसे असफलता से कोई डर न हो। जिसके लिए असफलता सफलता की पहली सीढ़ी हो। अगर आपको अपने जीवन के लक्ष प्राप्त करने हैं, तो आपको अपनी आत्मा से शुरुवात करनी होंगी। जब आप आपके पास जो है, उसे नज़रअंदाज़ करते हो, तब ये दुनिया भी आप जो हो उसे नज़रअंदाज़ करने लगती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# ब्रह्मावैवर्त पुराण पथ प्रदर्शक है

पिछले भाग में हमने शिव पुराण, भागवत पुराण, नारद पुराण और मार्केण्डेय पुराण के बारे में पढ़ा। इस भाग में हम अग्नि पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्मावैवर्त पुराण, लिंगपुराण के बारे में पढ़ेंगे।





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

इन पुराणों में सूर्य देवता का महत्व, वर्ष के बारह महीनों का निर्माण, भारत के सामाजिक, धार्मिक तथा शैक्षिक विधान वाले पुराण भी हैं।

**अग्निपुराणः** अग्निपुराण में तीन सौ तैयासी अध्याय तथा पन्द्रह हजार श्लोक हैं, इस पुराण को भारतीय संस्कृति का ज्ञानकोष या आज की भाषा में विकीपीडिया कह सकते हैं। इस ग्रंथ में भगवान् मत्स्यावतार का अवतार लेकर पधारें थे, उसका वर्णन है, रामायण तथा महाभारत काल की संक्षिप्त कथायें भी संकलित हैं। इसके अतिरिक्त कई विषयों पर वार्तालाप है जिन में धनुर्वेद, गान्धर्व वेद तथा आयुर्वेद मुख्य हैं, धनुर्वेद, गान्धर्व वेद तथा आयुर्वेद को उप-वेद भी कहा जाता है।

**भविष्यपुराणः** भविष्य पुराण में एक सौ उनतीस अध्याय तथा अट्ठाईस श्लोक हैं, इस ग्रंथ में भविष्य में होने वाली घटनाए भविष्यवाणी के रूप में वर्णित है। सूर्य देवता का महत्व, वर्ष के बारह महीनों का निर्माण, भारत के सामाजिक, धार्मिक तथा शैक्षिक विधानों और भी कई विषयों पर वार्तालाप है। इस पुराण में सांपों की पहचान, विष तथा विषदंश सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी है। भविष्य पुराण में पुराने राजवंशों के अतिरिक्त भविष्य में आने वाले नन्द वंश, मौर्य वंशों का भी वर्णन है।

**ब्रह्मावैवर्तपुराणः** यह अट्ठारह हजार श्लोकों से अलंकृत है तथा दो सौ अट्ठारह अध्याय हैं, इस ग्रंथ में ब्रह्माजी, गणेशजी, तुलसी माता, सावित्री माता, लक्ष्मी माता, सरस्वती माता तथा भगवान् श्रीकृष्ण की महानता को दर्शाया गया है। उनसे जुड़ी हुई कथायें संकलित हैं, इस पुराण में आयुर्वेद सम्बन्धी ज्ञान भी संकलित है, जो आयुर्वेद और भारतीय परम्परा में निरोगी काया के विषय पर गंभीर है, उसे यह ब्रह्मावैवर्त पुराण आपका पथ प्रदर्शक बनेगा।

**लिंगपुराणः** इस पावन लिंग पुराण में ग्यारह हजार श्लोक और एक सौ तरसठ अध्याय हैं, सृष्टि की उत्पत्ति तथा खगौलिक काल में युग, कल्प की तालिका का वर्णन है, भगवान् सूर्यदेव के सूर्य के वंशजों में राजा अम्बरीषजी हुयें, रामजी इन्हीं राजा अम्बरीषजी के कुल में अवतार हुआ था, राजा अम्बरीषजी की कथा भी इसी पुराण में लिखित है, इस ग्रंथ में अघोर मंत्रों तथा अघोर विद्या के सम्बन्ध में भी उल्लेख किया गया है।

शख्सियत — वीरेंद्र दयाल

# संयुक्त राष्ट्र के सिविल सेवक



वीरेंद्र दयाल एक सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी और संयुक्त राष्ट्र के सिविल सेवक हैं, जिन्होंने एक दशक से अधिक समय तक संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के लिए शेफ डी कैबिनेट के रूप में कार्य किया। उन्होंने पॉल वोल्कर समिति की रिपोर्ट में पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह सहित कई भारतीय राजनेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच की थी। भारत सरकार ने उन्हें पद्म के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। भूषण को 1992 में समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

29 जनवरी 1935 को भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले में वीरेंद्र जन्मे दयाल ने अपनी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा नैनीताल के शेरवुड कॉलेज में की। इसके बाद, उन्होंने 1954 में दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 1956 में इतिहास में अपनी मास्टर डिग्री (एमए) हासिल करने के लिए वहीं रहे। उन्हें उस वर्ष के लिए रोड्स छात्रवृत्ति के लिए चुना गया, जिससे उन्हें सहायता मिली। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज में अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की, जिसे उन्होंने 1958 में पूरा किया।

भारत लौटकर, दयाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया और हिमालयी रिसॉर्ट स्थान, नैनीताल जिले के जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर (डीएम) के रूप में अपना करियर शुरू किया। उन्हें नैनीताल में अपने कार्यकाल के दौरान शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए काम करने के लिए जाना जाता है और रामपुर और मोरादाबाद जिलों में दो और डीएम पोस्टिंग के बाद, उन्हें भारत सरकार में स्थानांतरित कर दिया गया था। 1962 में, जब नोबेल पुरस्कार विजेता, वी.एस. नायपॉल और उनकी पत्नी, पेट्रीसिया, भारत आए, तो दयाल ने त्रिनिदाद और टोबैगोनियन जोड़े की मेजबानी की। केंद्र में, उन्हें तत्कालीन सामुदायिक विकास और सहयोग मंत्रालय में निदेशक के रूप में तैनात किया गया था, इस पद पर वे 1965 तक रहे जब वे संयुक्त राष्ट्र में चले गए। दयाल को वर्ष 1992 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा सिविल सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। दयाल शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की संयुक्त राष्ट्र फोकल प्वाइंट टीम के सदस्य थे, जिसे 1971 के बांग्लादेश नरसंहार के मद्देनजर शरणार्थी संकट से निपटने के प्रयासों के लिए 1981 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अपने विचार

मेला क्षेत्र में वीआईपी के आगमन के कारण वन-वे यातायात अनिवार्य किए जाने से श्रद्धालुओं को जो परेशानी हो रही है वो नहीं होनी चाहिए।
**अखिलेश यादव** ,सपा प्रमुख



आजकल कुछ अज्ञानी लोग हैं जो हमारे सनातन के बारे में अपशब्द बोलते हैं. सनातन के बिना हमारा अस्तित्व क्या है. सनातन के बिना न संसार का, न मानवता और न भारतीय राष्ट्र का अस्तित्व है।
**हेमा मालिनी** ,बीजेपी सांसद



मल्लिकार्जुन खरगे का बयान हिंदू धर्म का अपमान है। ऐसा अपमान करना ठीक नहीं है।
**रामदास अठावले**,केंद्रीय मंत्री



आम आदमी पार्टी ने आधार बनाने की मशीन अपने नेताओं और विधायकों को वितरित कर दिया। फिर उसके माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के आधार कार्ड बनाने में साथ दिया है।
**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश



अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# एसटी बस किराए में वृद्धि का विरोध

## – एसटी बस डिपो के बाहर शिवसेना ठाकरे गुट ने किया चक्का जाम
## – एमएसआरटीसी बस के किराए में 14.95 प्रतिशत की हुई है बढ़ोतरी

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

महाराष्ट्र राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटी) ने एमएसआरटीसी बस के किराए में 14।95 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है, महाराष्ट्र मोटर वाहन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एसटीए की बैठक में इस निर्णय पर मुहर लगाई गई है। किराए में वृद्धि आज मध्यरात्रि से लागू हो जाएगी, जिससे राज्यभर के यात्रियों को अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ेगा।

### राज्यभर में चक्का जाम आंदोलन

इस बढ़ोतरी के विरोध में शिवसेना (ठाकरे गुट) ने राज्यभर में चक्का जाम आंदोलन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि, एक तरफ राज्य सरकार लाडली बहनों को 1500 रुपये की आर्थिक सहायता दी और दूसरी तरफ महंगाई बढ़ाकर उनके साथ अन्याय कर रही है। शिवसेना ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई के बोझ तले दबे आम लोगों को और अधिक लूटने का प्रयास कर रही है। आंदोलन के दौरान शिवसेना कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बस डिपो और मुख्य मार्गों पर बसों को रोका और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



### क्या है मांग ?

शिवसेना (ठाकरे गुट) ने कहा कि सरकार को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना चाहिए और जनता को राहत प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो उनका आंदोलन और उग्र होगा। बस किराए में हुई इस बढ़ोतरी से छात्र, नौकरीपेशा लोग और आम नागरिक प्रभावित होंगे, जिनके लिए पहले ही परिवहन खर्च एक बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार और परिवहन विभाग ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है।

# रेणुका चौक के प्रवेश द्वार का शिलान्यास

**उल्हासनगर।** कैम्प-3 रेणुका चौक पर शिवसेना जिला प्रमुख स्वर्गीय आनंद दिघे की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आनंद दिघे साहब के योगदान को सम्मानित करते हुए, प्रवेश द्वार बनाने का विचार नगरसेवक गजानन शेलके, शिवाजी रागड़े, और फिरोज खान द्वारा प्रस्तुत किया गया था।कार्यक्रम के दौरान, जयंती के अवसर पर प्रवेश द्वार की आधारशिला रखी गई। इस समारोह में नगरसेवक गजानन शेलके, श्रीमती सविताताई तोरणे रागड़े, सुमनताई शेलके, वरिष्ठ नेता जमील खान, भगवान मोहिते, भोसले काका, दशरथ चौधरी, अशोक जाधव, आदिनाथ पलावे, मोंटी राजपूत, शशि भूषण सिंह, शाहिद भाई, शिवकुमार यादव, तुकाराम भाऊ, विशाल सूर्यवंशी, थॉमस लुकास सहित कई प्रमुख नेता, पदाधिकारी और नगरवासी मौजूद थे। यह कार्यक्रम स्वर्गीय आनंद दिघे साहब के योगदान को याद करते हुए उनके नाम से एक स्थायी स्मारक बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

# कॉलेज छात्र का अपहरण और पिटाई की कोशिश

### थार गाड़ी से चढ़ाने की घटना सीसीटीवी में कैद

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

महाराष्ट्र के कल्याण लोकग्राम इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक कॉलेज छात्र को थार गाड़ी से चढ़ाने की कोशिश की गई और उसे मारकर अपहरण करने की कोशिश की गई। यह घटना सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो गई, जो पुलिस जांच में मदद कर रही है।



### क्या हुआ था?

घटना के अनुसार, श्लोक सावंत, जो बिड़ला कॉलेज का छात्र है, सोमवार दोपहर को अपने दोस्त के साथ दोपहिया वाहन से कॉलेज से घर लौट रहा था। इस दौरान, सुयश तिवारी नामक युवक ने अपनी थार गाड़ी से श्लोक का पीछा करना शुरू किया। जब श्लोक लोकग्राम इलाके में अपने घर के पास पहुंचा, तो सुयश ने उसे गाड़ी से चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद, सुयश और उसके साथी ने गाड़ी से बाहर निकलकर श्लोक की मारपीट की और उसे अपहरण करने की कोशिश की। श्लोक के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद, श्लोक और उसके परिवार ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। श्लोक की मां जूही सावंत ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# जश्ने तालीम शहर को शिक्षा से जोड़ने का एक प्रयास है: रईस शेख

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी। भिवंडी के विधायक रईस कासिम शेख द्वारा शुरू की गई 'जश्ने तालीम' न केवल एक शैक्षिक महोत्सव है, बल्कि यह शहर को शिक्षा और संस्कृति से जोड़ने का एक प्रभावशाली प्रयास भी है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए, बल्कि शहर की आम जनता के लिए भी खास महत्व रखता है।

### गंगा-जमनी तहज़ीब का प्रतीक

विधायक रईस शेख ने पत्रकार परिषद में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उर्दू, हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और तेलुगु माध्यमों के 170 से अधिक स्कूल हिस्सा ले रहे हैं, जो इस कार्यक्रम को एक गंगा-जमनी सभ्यता का प्रतीक बनाता है।

### आयोजन का कार्यक्रम

**पहला दिन:** प्रतियोगिताएं 29 जनवरी को अंसारी साफिया गर्ल्स हाई स्कूल, नायगांव में आयोजित की जाएंगी।
**दूसरा दिन:** 30 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम जश्न तालीम पार्क, अंसारी मैरिज ग्राउंड, तैयब मस्जिद के सामने, औचित पाड़ा, भिवंडी में आयोजित होगा।




### प्रतियोगिताओं की विस्तृत सूची

कार्यक्रम के तहत 13 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें से कुछ सभी के लिए खुली हैं, जबकि अन्य स्कूलों के माध्यम से आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं में लगभग 1,800 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें छात्र, शिक्षक और आम जनता शामिल हैं। प्रतियोगिताओं की सूची इस प्रकार है :

# बेनज़ीर अन्सार सोसाइटी की विशेष पहल

## गुमनाम मुजाहिदीन आज़ादी पर प्रदर्शनी का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भोपाल की बेनज़ीर अन्सार एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने इस साल एक नई पहल के तहत अपनी गुमनाम मुजाहिदीन आज़ादी पर विशेष प्रदर्शनी को भिवंडी (मुंबई) में आयोजित किया। यह पहल गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के उन गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को समर्पित थी, जिन्होंने आज़ादी के संघर्ष में अपना अहम योगदान दिया लेकिन इतिहास में जिनका नाम नहीं के बराबर है।

### भोपाल में इस बार आयोजन की कमी पर अफसोस



भोपाल में इस बार प्रदर्शनी नहीं हो पाने से वहां के लोगों ने इसकी कमी महसूस की। स्थानीय पत्रकारों ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप से तिरंगा फहराने, रैली निकालने और मिठाई वितरण तक सीमित रहे, लेकिन गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए ऐसा कोई प्रयास नहीं दिखा।

### भिवंडी में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

हर साल गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भोपाल में इस प्रदर्शनी का आयोजन होता रहा है। लेकिन इस बार यह प्रदर्शनी भोपाल से बाहर भिवंडी में आयोजित की गई। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया और आज़ादी के गुमनाम नायकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### प्रदर्शनी की विशेषता

इस प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों से जुड़े दस्तावेज, पत्र, तस्वीरें और उनके जीवन की कहानियों को उजागर किया गया। यह प्रदर्शनी न केवल नई पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि इन गुमनाम क्रांतिकारियों को सम्मान देने का भी प्रयास है।

# मैत्रेय बुद्ध विहार में गणतंत्र दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ

**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**




अंबरनाथ के मैत्रेय बुद्ध विहार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मैत्रेय बुद्ध विहार महिला मंडल और मूलनिवासी महिला मंडल द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 26 जनवरी को अंबरनाथ (पूर्व) के बी केबिन क्षेत्र में स्थित मैत्रेय बुद्ध विहार में आयोजित हुआ। गणतंत्र दिवस के साथ-साथ राष्ट्रमाता जिजाऊ जयंती और माता रमाई जयंती भी मनाई गईं। कार्यक्रम में पूर्व सहायक आयुक्त अनामिका इंगोले, पुष्पा कांबले, और बुद्धाचार्य ढगे ने अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए।

### महिला मंडल की भागीदारी:


मैत्रेय बुद्ध विहार महिला मंडल की अध्यक्ष सुमन राजगुरु, सचिव सुनीता शिदुनकर, और अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उपस्थित महिलाओं में हुआर्षा राजगुरु, कमल मगर, योगिता मगर, लक्ष्मी कांबले, स्मिता राजगुरु, मीना जाधव, भाग्यश्री बोराडे, और आशा साल्वे शामिल रहीं। मंडल की महिलाओं ने त्रिशरण पंचशील, बुद्ध गीत, और भीम गीत प्रस्तुत किए, जो कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे।

# सीएसएमटी-मस्जिद के बीच विशेष आपातकालीन ब्लॉक

### कार्नैक आरओबी (दूसरा स्पैन) के पुनर्निर्माण के लिए ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 28 /29.01.2025 (मंगलवार/बुधवार रात्रि का समय) एवं 29 /30 .01.2025 (बुधवार/गुरुवार रात्रि का समय) को कार्नैक आरओबी (स्पैन-2) के पुनर्निर्माण के लिए ओपन वेब गर्डरों के समायोजन के लिए सीएसएमटी-कल्याण सेक्शन पर किलोमीटर 0/1-2 पर सीएसएमटी और मस्जिद स्टेशनों के बीच 00.30 बजे से 03.30 बजे (3. 00 घंटे) तक एक विशेष आपातकालीन ब्लॉक परिचालित करेगा



**ट्रैफिक ब्लॉक सेक्शन:** अप और डाउन स्लो लाइन और अप और डाउन फास्ट लाइन – भायखला और सीएसएमटी के बीच (दोनों स्टेशनों को छोड़कर) अप और डाउन हार्बर लाइन – वडाला रोड और सीएसएमटी के बीच (दोनों स्टेशनों को छोड़कर)

**ब्लॉक अवधि के दौरान उपनगरीय ट्रेनों का परिचालन:** ब्लॉक अवधि के दौरान मेन लाइन पर भायखला और सीएसएमटी स्टेशनों और हार्बर लाइन पर वडाला रोड और सीएसएमटी स्टेशनों के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। मेन लाइन पर अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं भायखला, परेल, दादर और कुर्ला स्टेशनों पर समाप्त (टर्मिनेट)/शुरू(ओरिजनेट) होंगी। हार्बर लाइन पर अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं वडाला रोड स्टेशन पर समाप्त (टर्मिनेट)/शुरू (ओरिजनेट) होंगी।

**ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल :** डाउन स्लो लाइन पर- कर्जत के लिए- 00 .12 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 02 .33 बजे कर्जत पहुंचेगी। अप स्लो लाइन पर- सीएसएमटी के लिए- 22 .48 बजे डोंबिवली से प्रस्थान और 00 .10 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी

**ब्लॉक के बाद पहली लोकल का विवरण:** डाउन स्लो लाइन पर- कर्जत के लिए- 04 .47 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 07 .08 बजे कर्जत पहुंचेगी अप स्लो लाइन पर- सीएसएमटी के लिए- 03 .23 बजे कल्याण से प्रस्थान और 04 .56 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी

**हार्बर लाइन पर ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल :** डाउन लाइन पर पनवेल के लिए- 00 .13 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और पनवेल 01 .33 बजे पहुंचेगी अप लाइन पर-सीएसएमटी के लिए-22 .46 बजे पनवेल से प्रस्थान और 00 .05 बजे सीएसएमटी पर पहुंचेगी

### दादर में अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन


1. 12052 मडगांव-सीएसएमटी एक्सप्रेस (जेसीओ) यात्रा आरम्भ की तिथी 01 .02 .2025
2. 11058 अमृतसर-सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरम्भ की तिथी (जेसीओ) 31 .01 .2025
3. 22120 मडगांव-सीएसएमटी तेजस एक्सप्रेस यात्रा आरम्भ की तिथी (जेसीओ) 01 .02 .2025

**हार्बर लाइन पर ब्लॉक के बाद पहली लोकल:** डाउन लाइन पर-पनवेल के लिए-04 .52 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 06.12 बजे पनवेल पहुंचेगी। अप लाइन पर-सीएसएमटी के लिए-04 .17 बजे बांद्रा से प्रस्थान और 04 .48 बजे सीएसएमटी पर आगमन

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मराठी फिल्म महोत्सव: राज्य सरकार की नई पहल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

संस्कृति मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने घोषणा की है कि राज्य सरकार इस वर्ष से एक अंतरराष्ट्रीय मानक का मराठी फिल्म महोत्सव आयोजित करेगी। यह फिल्म महोत्सव मराठी फिल्म क्षेत्र को नया प्रोत्साहन देने और इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### मुख्य विशेषताएं:

**पहला आयोजन:** यह महोत्सव इस वर्ष मुंबई में तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाएगा।
**फिल्मों का प्रदर्शन:** उन मराठी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो अब तक बड़े दर्शकों तक नहीं पहुंच पाई हैं।
**फिल्म टीम की सहभागिता:** प्रत्येक फिल्म की टीम दर्शकों के साथ संवाद के लिए मौजूद रहेगी।
**विशेष कार्यक्रम:** महोत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित सेमिनार और फिल्म विशेषज्ञों के साथ साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।
**प्रबंधन:** महाराष्ट्र फिल्म, थिएटर और सांस्कृतिक विकास निगम इस महोत्सव का आयोजन करेगा।
फिल्म प्रेमियों के लिए अवसर : यह आयोजन गुणवत्तापूर्ण मराठी फिल्मों का आनंद लेने का एक विशेष मंच प्रदान करेगा।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय व कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी। भाइयों, जीवनसाथी से मनोनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**वृष:** नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। ज्ञान में वृद्धि होगी। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूल वातावरण बनेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भाइयों तथा मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जरूरी निर्णयों में सावधानी आवश्यक है। आय में कमी हो सकती है। नौकरी में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। क्रोध न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क:** जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं। कुसंगति से बचें। बेवजह विवाद हो सकता है।

**सिंह:** पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। अध्ययन में मन लगेगा। मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उत्साह में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**कन्या:** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। प्रभावशाली व्यक्तियों से सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। लाभ व उन्नति के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे।

**वृश्चिक:** धैर्य रखें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी नाराज रहेंगे। काम पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। भागदौड़ रहेगी।

**धनु:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। थकान महसूस होगी। व्यस्तता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। काम में अधिक ध्यान दे पाएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा।

**मकर:** घर-बाहर सम्मान मिलेगा। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रमाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ:** नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिल सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा। जोखिम उठाने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक नीति में सुधार व परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। कानूनी अड़चन आ सकती है। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं।

# अष्टम भाव का स्वामी पंचम भाव में

अष्टम भाव कुंडली का दुःस्थान होता है।यदि अष्टमेश(अष्टम भाव का स्वामी)और पंचमेश(पंचम भाव का स्वामी) परस्पर मित्र हों तो तथा पंचमेश शुभ स्थान में हो तो परिणाम सकारात्मक होते हैं। किसी भी भाव का स्वामी यदि अपनी राशि से दशम भाव (केंद्र) में हो तो उसकी दशा-अन्तर्दशा में भाव की वृद्धि होती है। पंचम भाव में स्थित अष्टमेश अपनी राशि से दशम भाव में होता है अतः उसकी दशा-अन्तर्दशा में अचानक लाभ, आध्यात्मिक रुझान, दीर्घायु और गुप्त कृपा की प्राप्ति होती है।जातक गहन शोध और अनुसंधान की ओर जा सकता है।ऐसा जातक उन्नति तो करता है लेकिन बहुत-सी बाधाओं के साथ।






**प्रियंका जैन**
**9769994439**

यदि पंचमेश भी शुभ भाव में हो तो जातक को अनेक संतानें हो सकती हैं लेकिन पंचमेश के अशुभ होने पर संतान की हानि होती है और यदि संतान हो भी जाए तो उसे अत्यंत कष्ट का सामना करना पड़ता है। प्रायः ऐसी संतान रोग से पीड़ित रहती है। अष्टमेश पंचम भाव में अस्त हो,अशुभ ग्रह के प्रभाव में हो या शत्रु ग्रहों से पीड़ित हो तो जातक को अत्यंत नकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं।ऐसा जातक छल-कपट से काम लेने वाला और धोखेबाज हो सकता है क्योंकि पंचम भाव बुद्धिमत्ता का है और अष्टम भाव छल का प्रतीक है। जातक की शिक्षा पूर्ण होने में बहुत कठिनाई होती है। उसकी संतान अनैतिक कार्यों में लिप्त होकर प्रतिष्ठा को धूल में मिला सकती है या किसी असाध्य रोग अथवा मानसिक विकलांगता से ग्रस्त हो सकती है।जातक स्वयं गम्भीर उदर रोग से पीड़ित हो सकता है। पंचम भाव तंत्र-मंत्र से और अष्टम भाव गूढ़ ज्ञान और अभिचार से संबंधित है अतः यदि अष्टमेश पंचम भाव में शुभ और बलवान होकर स्थित है तो जातक की रुचि तंत्र-मंत्र में होती है। शुभ अष्टमेश की वजह से जातक सात्विक मार्ग अपनाता है और वह इसका व्यावसायिक प्रयोग भी कर सकता है क्योंकि अष्टमेश अपने भाव से दशम भाव में स्थित है।

न्यूज़ ब्रीफ

### जोनल प्लान लागू, जिस दिशा से आएं उधर ही करें स्नान

**प्रयागराज।** महाकुंभ का सबसे महत्वपूर्ण मौनी अमावस्या का स्नान 29 जनवरी को है। अनुमान के विपरित शनिवार से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ मेले में आ रहे हैं। इसे देखते हुए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जो जोनल प्लान तैयार किया था, उसे मजबूरन दो दिन पहले सोमवार से ही लागू कर दिया गया। इस प्लान के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित करते हुए मेला क्षेत्र में गाड़ियों के प्रवेश को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं,अलग-अलग मार्गों से ट्रेन, बस, निजी साधन या फिर हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान का प्रबंध उसी दिशा की ओर के घाटों पर किया गया है, जिस ओर से श्रद्धालु आएंगे।

### दशरथ मांझी के बेटे और पूर्व सांसद अली अनवर कांग्रेस में शामिल

**बिहार।** जेडीयू के पूर्व राज्यसभा सांसद अली अनवर, माउंटेन मैन दशरथ मांझी के बेटे भागीरथ मांझी समेत बिहार के कई बड़े नाम मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। दिल्ली में बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ली। बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार की जेडीयू को दोहरा झटका लगा है। ₹माउंटेन मैन₹ दशरथ मांझी के बेटे और जदयू नेता भागीरथ मांझी समेत जेडीयू के पूर्व सांसद अली अनवर ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इसके अलावा बिहार के कई बड़े चेहरे भी कांग्रेस में शामिल हुए हैं। जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व प्रवक्ता निशांत आनंद, भाजपा की पूर्व प्रवक्ता निघत अब्बास, भारत सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व महानिदेशक डॉ. जगदीश प्रसाद, लेखक और पत्रकार फ्रैंक हुज़ूर और अखिल भारतीय प्रजापति कुम्हार संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज प्रजापति शामिल हैं।

### बड़ौदा यूपी बैंक से 21.57 लाख रुपये गायब

**बलिया।** यूपी के बलिया में बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा के लॉकर से सोमवार की रात संदिग्ध हाल में 21 लाख 57 हजार रुपये गायब हो गए। मंगलवार की सुबह इसकी जानकारी होते ही कर्मचारियों में खलबली मच गई। डीआईजी (आजमगढ़ रेंज) सुनील कुमार सिंह और एसपी ओमवीर सिंह मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया मामला संदिग्ध है। संवरा चट्टी पर रसड़ा-फेफना मुख्य मार्ग के किनारे एक मकान के प्रथम तल पर बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा है। रोज की तरह सोमवार की देर शाम काम-काज निपटाने के बाद शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारी घर चले गए। मंगलवार सुबह बैंक के कैशियर स्वामीनाथ पहुंचे तो मुख्य गेट बंद था, जबकि पश्चिम दिशा में रेलिंग पर लगा चैनल खुला हुआ था। उसमें लगा ताला भी गायब था। कैशियर बैंक के अंदर पहुंचे तो लॉकर गायब था। उन्होंने ब्रांच मैनेजर सीबी राय को मामले से अवगत कराया। मैनेजर पहुंचे तो पैसे का मिलान किया गया। पता चला कि लॉकर के चेस्ट से 21.57 लाख रुपये गायब हैं। सूचना मिलते ही एसपी ओमवीर सिंह अन्य अफसरों के साथ पहुंच गए।

# कानपुर के रेल बाजार में बड़ा धमाका

- 65 साल के बुजुर्ग की मौत
- पुलिस ने शुरू की जांच

एजेंसी । कानपुर

उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां रेल बाजार इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में विस्फोट हो गया। इस धमाके में 65 साल के मोहम्मद रऊफ की मौत हो गई। रऊफ कबाड़ का काम करते थे और इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।





#### पुलिस की जांच

घटना की सूचना मिलते ही रेल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसके अलावा, घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की दिशा निर्धारित की। विस्फोट की वजह को जानने के लिए बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया, ताकि मामले की सच्चाई का पता चल सके। अभी तक विस्फोट के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है, और पुलिस ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। यह घटना कानपुर में एक बड़ी रहस्य बन गई है और पुलिस मामले को हल करने के लिए सक्रिय रूप से जांच कर रही है।

#### घटना का विवरण

यह हादसा रेल बाजार के फेथफुल गंज इलाके के गोरा कब्रिस्तान के पास हुआ। रऊफ के परिवार के सदस्य, जिनमें उनके पांच बेटे और एक बेटी शामिल हैं, इस समय एक पारिवारिक समारोह में फतेहपुर गए हुए थे। उनके बेटे राशिद ने बताया कि मंगलवार को रऊफ घर में अकेले थे। सुबह करीब 11 बजे एक तेज धमाका हुआ, जिससे घर में धुआं भर गया। धमाका इतना तेज था कि रऊफ की मौके पर ही मौत हो गई। धमाके के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

## विजय सिन्हा के तेजस्वी पर आरोप से सियासी भूचाल





**पटना।** नीतीश सरकार के डिप्टी सीएम सह बीजेपी नेता विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया है कि तेजस्वी यादव के कार्यकाल में पथ निर्माण विभाग में करोड़ों का घपला किया गया। कहा है कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के पथ निर्माण मंत्री रहते 26 करोड़ 16 लाख का गलत भुगतान किया गया। उन्होंने इसी बहाने लालू यादव के मुख्यमंत्री रहते चारा घोटाले की याद दिला दी। विजय सिन्हा के आरोप राजद ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एनडीए में शामिल जेडीयू ने विजय सिन्हा का समर्थन किया है तो कांग्रेस ने डबल इंजन सकरकार पर कई आरोप लगाए हैं। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जांच रिपोर्ट में यह तथ्य उभर कर सामने आया है कि जब तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम के साथ पथ निर्माण विभाग में मंत्री थे उस समय 26 करोड़ सोलह लाख की राशि का अवैध और गलत तरीके से पेमेंट कर दिया गया।

## मेरठ में बदमाशों के खिलाफ एनकाउंटर की कार्रवाई

- पांच बदमाशों को किया गिरफ्तार
- दो के पैरों में गोली लगी

एजेंसी । मेरठ

मेरठ में बदमाशों के खिलाफ एनकाउंटर की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने पांच और बदमाशों को एनकाउंटर करके गिरफ्तार कर लिया है। दो बदमाशों के पैरों में गोली भी लगी है। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूपी में बदमाशों के खिलाफ एनकाउंटर की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने पांच और बदमाशों को एनकाउंटर करके गिरफ्तार कर लिया है। दो बदमाशों के पैरों में गोली भी लगी है। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी बदमाश पशुओं को जहर देकर मार देते थे। इसके बाद इन पशुओं का मांच बेचते थे। मुखबिर से सूचना मिली कि पशुओं का मांस बेचने वाले बदमाशों का गैंग अझौता गांव में जहरखुरानी की घटना करने जा रहा है। पुलिस ने तुरंत टीम बनाकर घेराबंदी की और चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस को देखते बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस ने दो बदमाशों के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन अन्य बदमाश भागने लगे। पुलिस ने इन सभी की घेराबंदी करके पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात दौराला लावड मार्ग पर समौली के सामने थाना दौराला पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया था। चेकिंग





अभियान के दौरान पशुओं को जहर देकर मारने एवं पशुओं के मांस को बेचने वाले गैंग के दो अभियुक्त मुकेश पुत्र भीमसेन निवासी कसेरू खेड़ा थाना लाल कुर्ती जनपद मेरठ अतर कुरैशी पुत्र यूनुस निवासी कुरेशियां मोहल्ला थाना फलावदा जनपद मेरठ ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग की। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पैर में गोली मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इसके अलावा पुलिस ने मेरठ जिले के सिकंदर उर्फ भूटन निवासी मोहल्ला बाजार, ध्रुव पुत्र डालचंद निवासी मोहल्ला अहमदपुर अब्दुल्लापुर थाना भावनपुर वसीम उर्फ एमपी पुत्र फारूक कुरैशी निवासी ओसामा मस्जिद श्याम नगर थाना लिसाड़ी गेट को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक अगर तमंचा नाजायज 315 दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक पिक अप गाड़ी बरामद हुई है।

## बागपत में अब तक 7 की मौत

- जांच के लिए बनी कमेटी

एजेंसी । बागपत

उत्तर प्रदेश के बागपत में हादसे के दौरान अब तक सात की मोत हो चुकी है। हादसा कैसे हुआ और हादसे में किसकी लापरवाही रही, इसका पता लगाने के लिए जांच कमेटी बनाई जा रही है। जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बागपत के बडौत में मंगलवार की सुबह हुए हादसे में सात की मौत हो गई है। डीजीपी ने एसपी से हादसे की जानकारी ली और घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के निर्देश दिए।। वहीं, एसपी ने हादसे के कारणों का पता लगाने की लिए जांच शुरू करा दी है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि जैन समाज द्वारा कार्यक्रम की विधिवत अनुमति ली गई थी। यह महोत्सव परंपरागत है। हर बार महोत्सव का आयोजन होता है। हादसा कैसे हुआ और हादसे में किसकी लापरवाही



रही, इसका पता लगाने के लिए जांच कमेटी बनाई जा रही है। जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बडौत में मनाए जा रहे भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव के दौरान मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। सीढियां ढहने से हुए हादसे में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 से अधिक घायल श्रद्धालुओं का उपचार चल रहा है। हादसे की गूंज शासन तक पहुंच गई है। डीजीपी ने एसपी बागपत से हादसे की जानकारी ली, साथ ही घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के निर्देश दिए। मानस्तंभ हादसे में घायल हुए श्रद्धालुओं को बडौत सीएचसी के साथ ही निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल कई श्रद्धालुओं को हायर सेंटर भी रेफर किया गया है। डीएम और एसपी ने बडौत सीएचसी पर पहुंचकर मरीजों का हाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उनके परिजनों को ढांढस बंधाया, साथ ही सीएचसी के चिकित्सकों को घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के निर्देश दिए। डीएम अस्मिता लाल का कहना है कि घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। आपात स्थिति से निपटने के लिए 16 एंबुलेंस बडौत में तैनात की गई है। घटना की जांच कराई जा रही है।

## मौनी अमावस्या:प्रयागराज में 30 जनवरी तक स्कूल बंद

एजेंसी । प्रयागराज

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। उम्मीद है कि इस बार एक दिन में करीब 10 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। उधर, मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर होने वाली भीड़ के कारण हाईकोर्ट की प्रधान पीठ, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट), जिला न्यायालय और नगर क्षेत्र के 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई हैं। रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ में 28 और 30 जनवरी को



अवकाश रहेगा। इसके स्थान पर 17 मई और 23 अगस्त को कार्य दिवस होगा। सोमवार को हाईकोर्ट खुला लेकिन आवागमन में परेशानी से नो एडवर्स ऑर्डर का प्रस्ताव भी रहा। कैट बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र नायक ने बताया कि प्रधान पीठ की डिप्टी रजिस्ट्रार कंचन शर्मा की अधिसूचना के अनुसार प्रयागराज पीठ में 28 से 30 जनवरी तक अवकाश रहेगा। इसके स्थान पर 5 एवं 26 अप्रैल और 3 मई कार्य दिवस होगा। जिले के बारहवीं तक के सभी बोर्ड के स्कूल 28 से 30 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने केवल नगर क्षेत्र के स्कूल बंद करने पर आपत्ति की है। जिला कचहरी में 28 और 29 जनवरी को अवकाश रहेगा। जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि 29 को पूर्व में ही अवकाश घोषित किया गया था लेकिन 28 जनवरी को विशेष रूप से यह अवकाश घोषित किया गया है।

## CM नीतीश की 580 करोड़ की सौगात

### 9 किमी का बाईपास, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण

**पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के तीसरे चरण के दौरान मंगलवार को पूर्णिया पहुंचे। इस दौरान उन्होने जिले को 580 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात दी। सीएम ने 40 योजनाओं का उद्घाटन 22 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जिसमें 9 किमी का बायपास निर्माण, पूर्णिया में अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण, काझा कोठी में मिथिला हाट की तर्ज पर विकसित कर पर्यटकीय सुविधा बहाल करने, धमदाहा से पूर्णिया 65 स्टेट हाइवे के फोरलेन और एयरपोर्ट से सीधा संपर्क की घोषणा की। सके अलावा 100 करोड़ की लागत से रोड का मजबूतीकरण, 42 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण भी शामिल है। वहीं 9 किमी का बाईपास बनने से शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने प्राचीन कामाख्या मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान सीएम मजरा पंचायत के स्कूल भी गए, और पहली कक्षा के बच्चों से भी मिले। रंगभूमि मैदान में खिलाड़ियों से मुलाकात के दौरान कहा कि खूब खेलें, खूब दौड़ें।

## व्यापार जगत

# शेयर बाजार में गिरावट थमी

### बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 535 अंक चढ़ा

एजेंसी । मुंबई

दो दिन से जारी गिरावट के बाद प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा वित्तीय प्रणाली में नकदी डालने के फैसले ने बैंकिंग और ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील शेयरों में भारी खरीदारी को प्रेरित किया।



#### सेंसेक्स में 535 अंक की बढ़त

इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 535 .24 अंक या 0 .71 प्रतिशत चढ़कर 75,901 .41 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 1,146 .79 अंक या 1 .52 प्रतिशत बढ़कर 76,512 .96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

#### निफ्टी में भी मजबूत प्रदर्शन

इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 128 .10 अंक या 0 .56 प्रतिशत बढ़कर 22,957 .25 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 308 .8 अंक या 1 .35 प्रतिशत चढ़कर 23,137 .95 अंक पर पहुंच गया था।

#### बैंकिंग और अन्य प्रमुख शेयरों में बढ़त

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर, सन फार्मास्युटिकल, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स में गिरावट देखने को मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती सत्र में बढ़त दर्ज की गई, जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0 .62 प्रतिशत बढ़कर 77 .56 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा 'यूपी एग्रीज'

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) परियोजना राज्य के किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक समारोह में इस परियोजना की शुरुआत की।



#### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का विकास

मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश द्वारा समग्र विकास के नए प्रतिमान स्थापित करने के अभियान का हिस्सा बताया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि और संबंधित क्षेत्र में हो रही प्रगति इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि राज्य एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

#### उत्तर प्रदेश की कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका

योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख कृषि उत्पादक राज्यों में से एक है। राज्य गेहूं, आलू, आम, अमरूद, मटर, मशरूम, तरबूज और शहद के उत्पादन में देश में शीर्ष पर है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश के सब्जी उत्पादन में 15 प्रतिशत और फल उत्पादन में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य में करीब 17 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है और उत्तर प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन में योगदान 23 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा, राज्य खाद्यान्न निर्यात में तीसरे स्थान पर है। योगी आदित्यनाथ ने परियोजना के मुख्य उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यूपी एग्रीज का उद्देश्य कृषि और उससे संबंधित क्षेत्रों की पहचान करना, प्रमुख फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करना, विशिष्ट कृषि उत्पादों को बढ़ावा देना और फसल प्रबंधन तथा बाजार समर्थन प्रणाली को विकसित करना है।

## हुंदै का दिसंबर तिमाही का मुनाफा 19 प्रतिशत घटकर 1,161 करोड़ रुपये पर

एजेंसी । नई दिल्ली



हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 19 प्रतिशत घटकर 1,161 करोड़ रुपये पर आ गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,425 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

#### परिचालन आय में भी कमी

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय घटकर 16,648 करोड़ रुपये रह गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 16,875 करोड़ रुपये थी। इस तरह की गिरावट का प्रमुख कारण कंपनी के उत्पादन और बिक्री में कुछ दबाव रहना बताया जा रहा है। हुंदै की ये वित्तीय परिणाम दर्शाते हैं कि कंपनी को इस तिमाही में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, हालांकि अभी भी इसके पास मजबूत ब्रांड और बिक्री नेटवर्क है।

## IPO प्राइस से भी नीचे आए स्विगी के शेयर, 52 हफ्ते के हाई से 35% से ज्यादा टूटे

एजेंसी । नई दिल्ली

फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी के शेयर मंगलवार को भी लुढ़क गए हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को दिन के कारोबार के दौरान 4 पर्सेंट टूटकर 389.25 रुपये पर जा पहुंचे। स्विगी के शेयरों में सोमवार को 9 पर्सेंट और पिछले शुक्रवार को 2 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली थी। मंगलवार को आई गिरावट के साथ ही स्विगी के शेयर अपने IPO प्राइस से नीचे पहुंच गए हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 390 रुपये था। पिछले 6 ट्रेडिंग सेशंस में से 5 में कंपनी के शेयर गिरे हैं। इस दौरान कंपनी के शेयर 15 पर्सेंट लुढ़क गए हैं।



#### 15 में से 10 एनालिस्ट्स ने कंपनी के शेयरों को दी है Buy रेटिंग

स्विगी (Swiggy) के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई लेवल से 35 पर्सेंट से ज्यादा टूट गए हैं। फूड डिलीवरी कंपनी के शेयर 23 दिसंबर 2024 को 617 रुपये पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयर 28 जनवरी 2025 को 389 .25 रुपये पर जा पहुंचे हैं। हालांकि, मंगलवार 28 जनवरी को कारोबार के आखिर में स्विगी के शेयरों में अच्छी रिकवरी देखने को मिली है। जोमैटो के दिसंबर तिमाही के रिजल्ट पेश किए जाने के बाद से स्विगी के शेयर दबाव में है। स्विगी को अभी दिसंबर 2024 तिमाही के नतीजों का ऐलान करना है। स्विगी (Swiggy) का कवरेज करने वाले 15 एनालिस्ट्स में से 10 ने कंपनी के शेयरों को बाय (Buy) रेटिंग दी है। यानी, 10 एनालिस्ट्स ने स्विगी के शेयर खरीदने को कहा है। वहीं, 2 एनालिस्ट ने कंपनी के शेयरों को होल्ड रेटिंग दी है। जबकि, 3 एक्सपर्ट्स ने कंपनी के शेयरों को सेल (Sell) रेटिंग दी है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है। स्विगी का आईपीओ 6 नवंबर 2024 को दांव लगाने के लिए खुला था और यह 8 नवंबर तक ओपन रहा। कंपनी का आईपीओ टोटल 3 .59 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के शेयर 13 नवंबर 2024 को 412 रुपये पर BSE में लिस्ट हुए। वहीं, लिस्टिंग वाले दिन ही कंपनी के शेयर तेजी के साथ 455 .95 रुपये पर बंद हुए।

## एक करोड़ रुपये से कम कीमत के घरों की आपूर्ति में 30 प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी । नई दिल्ली

28 जनवरी (भाषा) – पिछले साल देश के नौ प्रमुख शहरों में एक करोड़ रुपये तक की कीमत वाले किफायती और मध्यम आय वर्ग के लिए घरों की नई आपूर्ति 30 प्रतिशत घटकर लगभग 1.99 लाख इकाई रह गई। यह जानकारी रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी ने अपनी रिपोर्ट में दी है।



#### किफायती घरों की आपूर्ति में गिरावट

प्रॉपइक्विटी के अनुसार, 2024 में किफायती और मध्यम आय वर्ग (एक करोड़ रुपये तक की कीमत) में घरों की आपूर्ति 1,98,926 इकाई थी, जो 2023 में 2,83,323 इकाई थी। 2022 में यह संख्या 3,10,216 इकाई थी। इस गिरावट के प्रमुख कारणों में एक ओर बढ़ती मांग और दूसरी ओर बिल्डरों का लक्जरी घरों पर ध्यान केंद्रित करना बताया गया है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, बुधवार, 29 जनवरी 2025



# भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

**एजेंसी । दुबई**

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी के साल 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए हैं। बुमराह को यह अवॉर्ड 2024 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया है। बुमराह ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और टी20 विश्व कप में भारत को मिली खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। बुमराह इससे पहले सोमवार को सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी चुने गए थे।

## टेस्ट में शानदार रहा था प्रदर्शन

बुमराह ने हाल ही में टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए, जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चाहे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियां हों या स्वदेश में तेज गेंदबाजों के लिए कठिन परिस्थितियां, बुमराह ने पूरे साल प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इस तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

## हेड-रूट को पीछे छोड़ा



### यह पुरस्कार जीतने वाले पांचवें भारतीय

बुमराह के अलावा इस पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक भी शामिल थे, लेकिन बुमराह ने इस सभी को पीछे छोड़ते हुए सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड जीता। बुमराह यह सम्मान पाने वाले भारत के पांचवें खिलाड़ी हैं। उनसे पहले राहुल द्रविड़ (2004), सचिन तेंदुलकर (2010), रविचंद्रन अश्विन (2016) और विराट कोहली (2017, 2018) भी यह पुरस्कार जीत चुके हैं। आईसीसी ने कहा, जसप्रीत बुमराह को आईसीसी पुरस्कारों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार के लिए चुना गया। वर्ष 2024 में उन्होंने टेस्ट और सीमित ओवरों के प्रारूप में विरोधी टीमों पर दबाव बनाए रखा। बुमराह के कौशल की झलक आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में मिलती है जिसमें उन्होंने 900 अंक का आंकड़ा पार किया और साल के आखिर में उनके नाम 907 अंक रहे जो रैंकिंग के इतिहास में किसी भी भारतीय गेंदबाज के लिए सर्वोच्च है।

### टी20 विश्व कप खिताब दिलाने में निभाई अहम भूमिका

बुमराह ने पिछले साल की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के साथ की थी। बुमराह ने फिर अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में प्रभावित किया था। उन्होंने टूर्नामेंट में 8.26 के औसत से 15 विकेट लिए थे। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जिसमें भी बुमराह का योगदान काफी अहम रहा था।

### चोट से जूझ रहे हैं बुमराह

बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट मुकाबले के दौरान पीठ की समस्या से जूझ रहे थे। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया, जबकि वनडे सीरीज के शुरुआती दो मैचों से भी वह बाहर हैं। इसके अलावा तीसरे वनडे में भी उनका खेलना तय नहीं है। अनुभवी गेंदबाज को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है, लेकिन उनका इस टूर्नामेंट में खेलना पूरी तरह फिटनेस पर निर्भर करेगा।


### पुरस्कार मिलने पर क्या बोले बुमराह?

बुमराह ने यह पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई और कहा कि टी20 विश्व कप 2024 उनके दिल के काफी करीब है। बुमराह ने कहा, मैं सर गारफील्ड सोबर्स पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने पर काफी खुश हूं। पिछला साल यादगार रहा, विशेषकर बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतना। यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। जब मैं छोटा था तो कई सारे दिग्गजों को आईसीसी अवॉर्ड जीतते हुए देखता था। मुझे अब यह पुरस्कार मिलने पर खुशी हो रही है।

**मुश्किलों को मात**

# जुनून और जज्बे के दम पर फिर क्रिकेट मैदान में उतरेंगी अफगान महिला क्रिकेटर

- ‘क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन टीम के खिलाफ टी-20 प्रदर्शनी मैच खेलेंगी
- नाहिदा सपान करेंगी अफगान टीम की कप्तानी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

अफगानिस्तान में मई 2021 में अमेरिकी सेना की विदाई और तालिबान शासन के शुरू होने के पहले तक महिला क्रिकेटरों के लिए कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन उसके बाद से देश में महिलाओं को खेलों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया। तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि देश की महिला क्रिकेट टीम फिर कभी मैदान पर उतर सकेगी। लेकिन उनके जुनून और जज्बे ने इसे कर दिखाया। अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मदद से अफगान महिलाओं की टीम गुरुवार को ‘क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन टीम के खिलाफ टी-20 मैच खेलने वाली है। इसमें नाहिदा सपान टीम की कप्तानी संभालती नजर आएंगी। यह मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच महिला एशेज टेस्ट के पहले दिन से पूर्व खेला जाएगा।

> हमें इस मैच से बहुत उम्मीदें हैं क्योंकि यह मैच अफगान महिलाओं के लिए शिक्षा, खेल और भविष्य के द्वार खोल सकता है। हम नहीं चाहते कि यह हमारा पहला और आखिरी मैच हो। हम और मैच चाहते हैं, हम और समर्थन चाहते हैं।
>
> **– नाहिदा सपान, कप्तान, अफगान महिला टीम**

### महिला खिलाड़ियों ने छोड़ा देश

तब कई महिला खिलाड़ियों ने अफगानिस्तान छोड़ दिया। वहां की अधिकतर महिला फुटबॉलर और क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और कनाडा में बस गईं। अब ऑस्ट्रेलिया में रह रहे अफगानिस्तान के लोगों में से चुन-चुन कर एक टीम तैयार की गई है। इनमें से ज्यादातर चार साल से मेलबर्न और कैनबरा में रह रही हैं।

### उम्मीद की किरण

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम का मैच देश की महिलाओं के लिए ‘उम्मीद की एक नई किरण है। हॉकले ने यह भी बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान के शासन में महिलाओं और लड़कियों के मानव अधिकारों के हनन के बाद पिछले साल अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय मैच नहीं खेलने का निर्णय लिया था। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंट्स में अफगानिस्तान से खेलने पर उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा। इस पर हॉकले ने कहा, आईसीसी टूर्नामेंट्स में हम तय कार्यक्रम के तहत अफगानिस्तान से खेलने को बाध्य हैं, लेकिन हम जो कर सकते हैं, वह सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयास करना है और यह मैच उसी कोशिश का नतीजा है।

### मुश्किलों को मात दी


अपना देश छोड़ने के बाद अफगान महिला क्रिकेटरों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। नया देश, भाषा की परेशानी, नए माहौल के साथ पुरानी भयावह यादों के बीच अपने खेल के जज्बे को बरकरार रखना आसान नहीं था। इसके बावजूद इन युवा क्रिकेटरों ने हार नहीं मानी जिसका नतीजा सबके सामने है। इस बीच इनमें से कुछ खिलाड़ियों ने आईसीसी को पत्र लिखकर ऑस्ट्रेलिया में एक ‘शरणार्थी टीम बनाने में मदद मांगी। हालांकि उन्हें कहा गया कि उनकी प्रशासनिक कार्रवाई पूर्वी एशियाई क्रिकेट कार्यालय कर सकता है लेकिन अफगानिस्तान सरकार की नीतियों के कारण आईसीसी उन्हें राष्ट्रीय टीम के रूप में मान्यता नहीं दे सकता है।

### 15 साल पहले बनी टीम

अफगानिस्तान की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम 2010 में बनी थी लेकिन महिलाओं पर कई तरह की इस्लामिक पांबदियों के बीच सिर्फ एक टूर्नामेंट ही खेल सकी। महिला क्रिकेट को बढ़ाने के लिए अफगान क्रिकेट बोर्ड ने 25 महिला खिलाड़ियों को 2020 में केंद्रीय अनुबंध भी दिया लेकिन तालिबान शासन शुरू होने के बाद महिलाओं पर कई तरह की पाबंदी लगा दी गईं और महिलाओं को क्रिकेट खेलने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया।

# अल हिलाल-नेमार ने आपसी सहमति से अनुबंध खत्म किया

**एजेंसी । रियो डि जिनेरियो**



सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल का स्ट्राइकर नेमार के साथ अनुबंध खत्म हो गया है। क्लब ने कहा है कि दोनों के बीच अनुबंध समाप्त करने पर सहमति बनी है। हालांकि किसी पक्ष ने अनुबंध समाप्त करने के विवरण की पुष्टि नहीं की। कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शुमार रहे ब्राजील के 32 वर्षीय नेमार ने क्लब के लिए केवल सात मैच खेले जिसमें केवल एक गोल किया और दो गोल करने में मदद की। नेमार अगस्त 2023 में पेरिस सेंट जर्मेन से सऊदी क्लब में नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 40 लाख डॉलर) में शामिल हुए। यह उन कई करार में से एक था जिसने अरब देश को दुनिया के नए बड़े फुटबॉल बाजारों में से एक बना दिया था।

# दिल्लीवाले हो, दम दिखाओ: कोहली

**एजेंसी । नई दिल्ली**



विराट कोहली ने मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में करीब एक घंटा नेट पर बिताया। रेलवे के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए कोहली ने दिल्ली के साथ ट्रेनिंग की। उन्होंने टीम के साथियों से कहा, दिल्लीवाले हो, दम दिखाओ। शुरुआत अच्छी की और फिर ठंडे पड़ गए। सकारात्मक खेलो जैसे दिल्लीवाले खेलते हैं। उन्होंने सबसे पहले थ्रो-डाउन का सामना किया जिस पर वह पुल शॉट खेलते रहे। इसके बाद उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनरों हर्ष त्यागी और सुमित माथुर का सामना किया। कुछ गेंदें विकेट पर गिरने के बाद रुककर आईं पर उनकी गेंदबाजी में ज्यादा धार नहीं थी। तेज गेंदबाजों नवदीप सैनी, मनी ग्रेवाल, राहुल गहलोत और सिद्धांत शर्मा के साथ भी यही स्थिति रही। कोहली इस दौरान बामुश्किल परेशानी में दिखे लेकिन उन्होंने कई गेंदों को छोड़ने का अभ्यास किया। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब होने के कारण कोहली को गेंदों की लाइन के पीछे आकर खेलने की कोशिश करते देखा गया। टीम ने रेलवे के खिलाफ महज औपचारिकता के मुकाबले से पहले नेट सत्र से पूर्व 35 मिनट तक वार्मअप किया। सभी ने 15 मिनट तक फुटबॉल खेला, तेज दौड़ लगाई और हंसी-मजाक भी किया। नेट सत्र शुरू होते ही सभी एकाग्रता से अभ्यास करने लगे। कोहली नेट पर गए जहां कप्तान आयुष बडोनी बल्लेबाजी कर रहे थे।

# श्रीनिधि डेक्कन ने नामधारी का विजयरथ रोका

**एजेंसी । श्री भैनी साहिब**

श्रीनिधि डेक्कन ने आई-लीग फुटबॉल में मंगलवार को तालिका में शीर्ष पर काबिज नामधारी एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। नामधारी एफसी की टीम लगातार चार जीत के साथ इस मैच में पहुंची थी लेकिन श्रीनिधि ने उनके विजयी अभियान को रोक दिया। मैच के दोनों गोल पहले हाफ में ब्राजील के खिलाड़ियों ने किए। क्लेडसन कार्वाल्हो दा सिल्वा (33वें मिनट) ने नामधारी के लिए सत्र का अपना सातवां गोल किया। विलियम अल्वेस (45वें मिनट) ने मध्यांतर से पहले गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। नामधारी 11 मैचों में 21 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। श्रीनिधि डेक्कन 12 अंक के साथ आठवें पायदान पर है।

**मुंबई के मैदानों से**

# मध्य रेलवे को खिताब




**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

परेल स्थित लाल मैदान पर संपन्न हुई पुरुष एवम महिला खो-खो स्पर्धा में पेशवर पुरुष के फाइनल में मध्य रेलवे की टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पश्चिम रेलवे को 17-14 के अंतर से पराजित करके पहला स्थान हासिल किया। मध्य रेलवे की ओर से दिलीप खांडवी, अवधूत पाटिल, मिलिंद चावरेकर और रोहन शिंगाड़े ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट करके अपनी टीम के जीत में मुख्य भूमिका निभाई। रचना नोटरी वर्क्स और महावितरण कंपनी के बीच महिलाओं का फाइनल खेला गया, जिसमें रचना नोटरी वर्क्स की टीम 11-10 से जीत हासिल करने में सफल रही। इसके अलावा किशोर वर्ग में सरस्वती स्पोर्ट्स क्लब ने विद्यार्थी क्रीड़ा केन्द्र को 4-3 से हरा दिया और खिताब अपने नाम कर लिया।

# केर आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर

- 43 विकेट और 651 रन बनाने के साथ पिछले साल 14 कैच भी लपके

**एजेंसी । दुबई**




न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुनी गईं। केर प्रतिष्ठित राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी पाने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट, श्रीलंका की सी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड जैसी स्टार खिलाड़ियों को पछाड़ा।

### अमेलिया आईसीसी का कोई भी पुरस्कार पाने वाली न्यूजीलैंड की पहली महिला

अमेलिया यह ट्रॉफी ही नहीं बल्कि किसी भी श्रेणी में आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी हैं। पहली बार 2017 में शुरू की गई राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी केर से पहले तीन खिलाड़ियों को दिया गया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट स्काइवर-ब्रंट शामिल हैं। तीनों ने दो-दो बार यह पुरस्कार जीता है। पूरे साल (2024) केर ने खेल के हर विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तरीय ऑलराउंडर के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 43 विकेट लेने के साथ 651 रन बनाए और 14 कैच भी लपके। उनके बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने न्यूजीलैंड को कई मौकों पर मुश्किल से उबारा। लेग स्पिनर के रूप में उनके कौशल ने उन्हें दुनिया की सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया।

# कॉपीराइट मामले में नयनतारा को लगा झटका



साउथ की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा और धनुष के बीच चल रहे कानूनी विवाद ने लोगों का खूब ध्यान खींचा है। 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल' के चंद दृश्यों पर यह विवाद खड़ा हुआ था। नयनतारा और धनुष के बीच जुबानी जंग के बीच अभिनेता की टीम ने मद्रास हाई कोर्ट में अभिनेत्री और उनकी डॉक्यूमेंट्री के खलिाफ मामला दर्ज किया था। अब इस मामले में धनुष को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया है।

### कोर्ट ने खारिज की नेटफ्लिक्स इंडिया की याचिका

मद्रास हाई कोर्ट ने नेटफ्लिक्स इंडिया की याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें नयनतारा के खिलाफ धनुष के कॉपीराइट मुकदमे को रद्द करने की मांग की गई थी। यह कानूनी कार्रवाई धनुष की पहले की चेतावनी के बाद की गई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री से उनकी फिल्म 'नानुम राउडी धान' की 3 सेकेंड की क्लिप को 24 घंटे के भीतर नहीं हटाया गया, तो वह कानूनी कदम उठाएंगे।

# धनुष के इश्क में डूबेंगी कृति सैनन



पिछले काफी समय से निर्देशक आनंद एल राय की फिल्म 'तेरे इश्क में' की चर्चा हो रही है। पहले इस फिल्म से तृप्ति डिमरी का नाम जुड़ा था, लेकिन फिर कृति सैनन के नाम पर चर्चा होने लगी और अब उन्होंने खुद फिल्म में अपनी मौजूदगी पर मोहर लगा दी है। कृति ने फिल्म का टीजर साझा कर इससे अपनी झलक प्रशंसकों को दिखाई, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया है।

### इस साल 28 नवंबर को बड़े पर्दे पर आएगी

इस फिल्म से बीते दिन धनुष की झलक सामने आई थी और अब कृति की झलकियां सामने आई हैं। इसी के साथ फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पर्दे पर प्रेम कहानियां दिखाने में राय माहिर हैं। 'राझंणा' इसकी जीती-जागती मिसाल है। अब उनकी फिल्म 'तेरे इश्क में' के एकतरफा और भावनात्मक प्रेम कहानी देखने को मिलेगी। फिल्म में कृति, मुक्ति और धनुष, शंकर का किरदार निभा रहे हैं।


### इश्क में ऐसा हुआ कृति का हाल

'तेरे इश्क में' के टीजर में कृति आंखों में आंसू, हाथ में केरोसीन तेल का डिब्बा लिए सड़क पर चलती दिखाई देती हैं। इसके बाद वह केरोसीन अपने ऊपर डाल लेती हैं। उनके पीछे अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दे रहा है, जिसके बाद वे मुंह में सिगरेट दबाए भावुक होकर एक जगह बैठ जाती हैं। टी-सीरीज ने टीजर साझा कर लिखा, 'जहां इश्क का जुनून होता है, वहां कहानी अलग होती है। रांझणा की दुनिया में कृति का स्वागत है।'



# रेलवे स्टेशन पर दिखा 'सिकंदर' का स्वैग

बॉलीवुड के दबंग यानी सलमान खान अपनी आगामी एक्शन-ड्रामा फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इन दिनों सलमान की इस फिल्म से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। हाल ही में एक वीडियो ने लोगों का खासा ध्यान खींचा।



### रेलवे स्टेशन पर दिखे सलमान खान

इस वीडियो में सलमान मुंबई के एक भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में फैंस की जोरदार चीखें सुनाई दे रही हैं और वह सलमान खान का नाम ले रहे हैं। इस वायरल वीडियो को एक फैन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर शेयर किया। वीडियो में सलमान खान रेलवे स्टेशन पर पहुंचते हुए दिखाई दे रहे हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्होंने इस सीन की शूटिंग की। वीडियो में उनके आसपास पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मियों को देखा जा सकता है। वहीं, वीडियो में बड़ी संख्या में फैंस भी उनका शूट देखने के लिए बेकरार नजर आ रहे हैं। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, 'कल रात सलमान खान रेलवे स्टेशन पर बहुत सारी भीड़ के बीच एक सीन की शूटिंग कर रहे थे।'

ब्रीफ न्यूज

## अंतिम दौर के प्रचार में उतरे राहुल गांधी



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली में मतदान के लिए अब केवल एक सप्ताह का समय बचा है और इस अंतिम समय में राहुल गांधी कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने के लिए मैदान में उतरे हैं। पहले ही दिन उन्होंने भगवान वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किया, चुनाव प्रचार करते हुए दिल्ली में सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना कराने का वादा किया। उन्होंने एक बार फिर देश के बड़े उद्योगपतियों पर हमला करते हुए ऊंची नौकरियों, मैनेजमेंट में जातिगत आरक्षण का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी की टिप्पणियों पर जनता से मिल रहा जवाब यह बताने के लिए पर्याप्त था कि कांग्रेस को लेकर लोगों में उत्साह है। अब पार्टी नेताओं की जिम्मेदारी इस उत्साह को वोटों में तब्दील करने की है।

## दिल्ली दंगों के आरोपी को चुनाव प्रचार के लिए पैरोल

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को मंगलवार को दिल्ली चुनाव प्रचार के लिए 6 दिन की सशर्त कस्टडी पैरोल दी है। ताहिर इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM से मुस्तफाबाद सीट से कैंडिडेट हैं। ताहिर ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, 'चुनाव में 4 दिन बचे हैं, हमें चुनाव प्रचार के लिए जल्द अंतरिम जमानत दी जाए।' ताहिर दिल्ली दंगों के आरोप में 4 साल 9 महीने से जेल में बंद हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। चुनाव प्रचार 3 फरवरी की शाम को खत्म हो जाएगा।

## हाथियों के हमलों से निपटने के लिए बनेगा रेलवे बैरिकेड

एजेंसी । रामनगर

कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खांद्रे ने मंगलवार को रामनगर जिले में हाथी की समस्या से निपटने के लिए 26 किलोमीटर लंबा रेलवे बैरिकेड बनाने के लिए 40 करोड़ रुपये तत्काल आवंटित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हाथी मानव बस्तियों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं और जानमाल का भी नुकसान होता है। इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे बैरिकेड के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। खांद्रे ने रामनगर जिला आयुक्त कार्यालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी दी। मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, खांद्रे ने अब तक रामनगर जिले के लिए कुल 35 किलोमीटर रेलवे बैरिकेड को मंजूरी दी है, जिनमें से 25 किलोमीटर काम पहले ही पूरा हो चुका है और बाकी काम जारी है। बयान में बताया गया कि जिले में 85 इलाके ऐसे हैं, जहां हाथी के साथ संघर्ष की उच्च संभावना है। वहीं, 45 इलाके ऐसे हैं, जहां सघर्ष का स्तर मध्यम है और 40 इलाके कम संघर्ष वाले हैं। इस समस्या के समाधान के लिए खांद्रे ने अधिकारियों को चौबीस घंटे की चेतावनी प्रणाली लागू करना निर्देश दिया, ताकि जब भी हाथी जंगल से बाहर निकल मानव बस्तियों में प्रवेश करें, तो गांववालों को सूचना मिल सके।

## पदोन्नति को लेकर राज्य सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य के निजी स्कूलों के कर्मचारियों की पदोन्नति और आवासीय प्रगति योजना को लागू करने को लेकर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। महाराष्ट्र राज्य निजी स्कूल गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ द्वारा दायर याचिका में अदालत से 1 अक्टूबर 2006 से निजी स्कूल के गैर-शिक्षण कर्मचारियों पदोन्नति और आवासीय प्रगति योजना को लागू करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। महाराष्ट्र राज्य निजी स्कूल गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई।

# भाजपा देश की सबसे अमीर पॉलिटिकल पार्टी

## 7 हजार करोड़ से ज्यादा का बैंक बैलेंस और कैश, यह कांग्रेस से करीब साढ़े 8 गुना ज्यादा

एजेंसी । नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भारत की सबसे अमीर पॉलिटिकल पार्टी है। चुनाव आयोग को पार्टियों से मिले आंकड़ों के मुताबिक भाजपा के पास 7 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा (7113.80 करोड़ रुपए) का कैश और बैंक बैलेंस है।

वहीं, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास सिर्फ 857.15 करोड़ रुपए हैं। भाजपा के पास कांग्रेस से करीब साढ़े 8 गुना ज्यादा कैश और बैंक बैलेंस है। आंकड़ों के मुताबिक भाजपा ने 2023-24 में लोकसभा चुनाव के दौरान करीब 1700 करोड़ रुपए खर्च किए थे। यह खर्च 2022-23 के खर्च से 60% ज्यादा है। उस साल पार्टी ने करीब 1000 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इसकी तुलना में कांग्रेस ने 2023-24 में लोकसभा चुनाव के दौरान करीब छह सौ करोड़ रुपए खर्च किए। यह 2022-23 के खर्च से करीब 3 गुना ज्यादा है। उस साल कांग्रेस ने करीब दो सौ करोड़ रुपए खर्च किए थे।



### भाजपा ने विज्ञापन पर खर्च किए करीब 600 करोड़

भाजपा ने इस साल 591 करोड़ रुपए विज्ञापनों पर खर्च किए। इसमें 434.84 करोड़ रुपए इलेक्ट्रॉनिक पर जबकि 115.62 करोड़ रुपए प्रिंटेड विज्ञापनों पर खर्च किए। चुनाव के दौरान पार्टी नेताओं के लिए हेलिकॉप्टर और प्लेन पर 2023-24 में 174 करोड़ रुपए खर्च हुए जबकि 2022-23 में यह 78.23 करोड़ रुपए था। पार्टी ने इस साल अपने उम्मीदवारों को 191.06 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद की। वहीं, पिछले साल यह राशि 75.05 करोड़ रुपए थी। भाजपा ने बैठकों पर 84.32 करोड़ रुपए; मोर्चा, रैली, आंदोलन और कॉल सेंटर 75.14 करोड़ रुपए खर्च किए।



### भारत जोड़ो यात्रा 2.0 पर करीब 50 करोड़ खर्च

कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक एडवर्टीजमेंट पर 207.94 करोड़ रुपए और प्रिंटेड एडवर्टीजमेंट पर 43.73 करोड़ रुपए खर्च किए। प्लेन और हेलिकॉप्टर पर पार्टी ने 62.65 करोड़ रुपए जबकि अपने उम्मीदवारों की वित्तीय मदद में 238.55 करोड़ रुपए खर्च किए। कांग्रेस ने प्रचार के लिए 28.03 करोड़ रुपए और सोशल मीडिया पर 79.78 करोड़ रुपए खर्च किए। पार्टी ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट में बताया कि उसने 2023-24 के दौरान पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा पर 49.63 करोड़ रुपए खर्च किए। पहली भारत जोड़ो यात्रा पर 71.84 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

### भाजपा को पिछले साल से 2 गुना चंदा मिला

भाजपा को पिछले साल की तुलना में इस साल करीब 2 गुना चंदा मिला है। चुनाव आयोग को दिए सालाना ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 के दौरान भाजपा को 1685.69 करोड़ रुपए का चंदा चुनावी बॉन्ड के जरिए मिला। पिछले साल 2022-23 में यह राशि 1294.15 करोड़ रुपए थी। इस दौरान पार्टी को 2042.75 करोड़ रुपए की अन्य प्राप्तियां भी हुईं। वहीं, पिछले साल यह 648.42 करोड़ रुपए थी। वहीं, कांग्रेस को 2023-24 के दौरान कुल 1225.11 करोड़ रुपए का चंदा मिला। इसमें 828.36 करोड़ रुपए चुनावी बॉण्ड के जरिए मिले हैं। चुनावी बॉण्ड को अब सुप्रीम कोर्ट ने बैन कर दिया है।

# बच्चों के रात 11 बजे के बाद सिनेमाघर जाने पर रोक

## तेलंगाना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

एजेंसी । हैदराबाद

तेलंगाना हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सुबह 11 बजे से पहले और रात 11 बजे के बाद सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स जाकर फिल्म देखने पर रोक लगाने का फैसला करे। इसके साथ ही कोर्ट ने सरकार की तरफ से कोई फैसला लिए जाने तक 16 साल से कम उम्र के बच्चों के रात 11 बजे के बाद सिनेमाघर जाने पर रोक भी लगा दी। हाईकोर्ट ने यह निर्णय राज्य में सार्वजनिक सुरक्षा और बाल कल्याण पर व्यापक चर्चा के हिस्से के तौर पर किया। हाईकोर्ट सोमवार को राम चरण अभिनीत फिल्म गेम चेंजर और अन्य की टिकट कीमतों में वृद्धि से संबंधित याचिकाओं पर विचार कर रहा था। कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे की जरूरत बताई कि नाबालिगों को देर रात के शो में न जाना पड़े, जो उनके स्वास्थ्य और



सुरक्षा पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को सिनेमाघरों में बच्चों के प्रवेश को विनियमित करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने और इस मामले में हितधारकों से परामर्श करने का जिम्मा सौंपा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं होती प्रतिवादी 16 साल से कम उम्र के बच्चों को रात 11 बजे के बाद फिल्म देखने की अनुमति नहीं देंगे।

### याचिकाकर्ता ने दी थी ये दलील

याचिकाकर्ता विजय गोपाल के वकील ने दलील दी कि नाबालिगों को देर रात के दौरान फिल्में देखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मल्टीप्लेक्स में अंतिम शो रात 1.30 बजे तक चलता है तथा देर रात के शो के दौरान सिनेमाघरों में नाबालिगों के प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को पिछले वर्ष दिसंबर में संध्या थिएटर में 'पुष्पा-2' के शो के दौरान भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को देखते हुए सिनेमाघरों में नाबालिगों के प्रवेश को विनियमित करने के लिए त्वरित निर्णय लेना चाहिए। भगदड़ में एक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसकी मां की मृत्यु हो गई थी।

## श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी

- पांच भारतीय मछुआरे घायल, भारत ने जताई नाराजगी

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच एक बार फिर से तनाव की स्थिति देखने को मिल सकती है। मंगलवार को डेल्फ़्ट द्वीप के पास 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गोलीबारी की घटना सामने आई। इस घटना के दौरान मछली पकड़ने वाले मछुआरे नाव पर सवार थे।

दरअसल, मंगलवार को सुबह डेल्फ़्ट द्वीप के पास भारतीय मछुआरों मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों को हिरासत में ले लिया और इन मछुआरों में पर गोलीबारी भी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई गोलीबारी की घटना पर गुरुवार को श्रीलंका के समक्ष भारत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी के जवाब में विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया। वहीं, इस घटना को लेकर कड़ा विरोध जताया।

# पूर्व प्रिंसिपल पर मुकदमा चलाने की मिली मंजूरी

- सीबीआई ने हाई कोर्ट को दी जानकारी
- आरजी कर अस्पताल से जुड़ा है मामला

एजेंसी । कोलकाता

सीबीआई ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसे आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मुकदमा चलाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से मंजूरी मिल गई है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई की तारीख से एक हफ्ते के भीतर आरोप तय करने के लिए सभी प्रयास करे। उन्होंने विशेष अदालत को निर्देश दिया कि वह गवाहों की सूची को ध्यान में रखे और उसके अनुसार समय-सारिणी तय करे।



### आरजी कर के पूर्व अधिकारी ने की थी जांच की मांग

बता दें कि, आरजी कर अस्पताल के पूर्व अधिकारी व याचिकाकर्ता अख्तर अली ने संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान कथित वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसे उच्च न्यायालय ने मंजूर कर लिया था और सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश को बरकरार रखा था। सीबीआई ने संदीप घोष को इस आरोप में गिरफ्तार किया था और वह इस मामले के सिलसिले में फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। जांच एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले में 29 नवंबर, 2024 को आरोपपत्र दाखिल किया गया था।

# NVS-02 सैटेलाइट का काउंटडाउन शुरू



## इसरो का ऐतिहासिक 100वां मिशन

एजेंसी । श्रीहरिकोटा

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के ऐतिहासिक 100वें मिशन की काउंटडाउन शुरू हो गई है। भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर श्रीहरिकोटा से 29 जनवरी को सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर लॉन्च होगा।


### *क्या काम करेगी सैटेलाइट?*

*बुधवार सुबह जीएसएलवी GSLV-F15 रॉकेट के जरिए नेविगेशन सैटेलाइट (NVS-02) लॉन्च किया जाएगा। ये सैटेलाइट परिवहन में उचित ट्रैकिंग और मार्गदर्शन में मदद करेगा। हवाई और समुद्री यातायात को कुशलतापूर्वक ट्रैक करेगा। वहीं, सैन्य अभियानों को अंजाम देने के लिए सुरक्षित, स्थानीय नेविगेशन होने से रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएगा। भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे के क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) को सटीक स्थिति, गति और समय की जानकारी प्रदान करेगी। यूआर सैटेलाइट सेंटर द्वारा डिजाइन और विकसित इस एनवीएस-02 उपग्रह का वजन लगभग 2250 किलोग्राम है।*

# अब व्हाट्एसएप या ई-मेल से आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकेगी पुलिस

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के तहत पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए आरोपी व्यक्ति को नोटिस नहीं भेज सकती है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पुलिस को



सीआरपीसी की धारा 41ए या बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस भेजने के लिए केवल वहीं तरीके अपनाने का निर्देश दें, जिनकी कानून के तहत अनुमति हो।

शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस भेजना सीआरपीसी और बीएनएसएस के तहत तय की गई विधियों का विकल्प नहीं हो सकता। यह आदेश तब आया जब कोर्ट ने वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा का सुझाव स्वीकार किया, जिन्हें इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया गया था। लूथरा ने उन मामलों का जिक्र किया, जहां सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए के तहत नोटिस व्हाट्सएप के जरिए भेजा गया, लेकिन आरोपी जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए।

### क्या कहा कोर्ट ने ?

उन्होंने कहा कि पुलिस को सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए या बीएनएस, 2023 की धारा 35 के प्रावधानों को नजरअंदाज करके नोटिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नहीं भेजने चाहिए, बल्कि उन्हें सामान्य विधि का पालन करना चाहिए। कोर्ट ने यह निर्देश सतेंद्र कुमार अंतिल के मामले में दिए। बेंच ने आगे सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी समितियों की बैठकें आयोजित करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके पिछले और वर्तमान फैसलों का पालन हर महीने सभी स्तरों पर किया जाए और संबंधित अधिकारियों द्वारा हर महीने अनुपालन रिपोर्ट पेश की जाएं।

20 साल पुराना केस | नाजायज पिता से गुजारा भत्ता की मांग खारिज

# सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी DNA टेस्ट की अनुमति

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दो दशक से चले आ रहे दिलचस्प केस में मंगलवार को अहम फैसला सुनाया है। मामला एक 23 साल के युवक से जुड़ा है, जिसने अदालत से कहा था कि वह अपनी मां के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर से पैदा हुई संतान है। युवक ने कोर्ट से अपील की थी कि वह उसके बायोलॉजिकल पिता का डीएनए टेस्ट करवाने का आदेश दे।



***2001 में हुआ था जन्म:*** *दरअसल एक महिला की शादी 1989 में हुई थी। 1991 में उसे एक बेटी हुई। इसके बाद 2001 में उसने एक बेटे को जन्म दिया। 2003 में महिला अपने पति से अलग रहने लगी और 2006 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद महिला ने नगर निगम में अपने बेटे के बर्थ रिकॉर्ड में पिता का नाम बदलवाने की कोशिश की। महिला ने दावा किया कि वह एक्स्ट्रा मैरिटल रिलेशनशिप में थी और उसका बेटा इसी अफेयर से पैदा हुआ। हालांकि अधिकारियों ने बर्ड रिकॉर्ड में बदलाव के लिए कोर्ट के ऑर्डर की मांग की। इसके बाद मामला कोर्ट में पहुंचा।*

### *हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक*

*2007 में लोकल कोर्ट ने कथित बायोलॉजिकल पिता का डीएनए टेस्ट कराने के आदेश दिए। लेकिन इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई और 2008 में हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने कहा कि पैटरनिटी टेस्ट का आदेश तभी दिया जा सकता है, जब ये साबित हो जाए कि पति-पत्नी के बीच संपर्क नहीं था।*

*युवक की दलील थी कि उसे कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उसके पास अब सर्जरी के लिए पैसे नहीं बचे हैं। इसलिए उसने अपने बायोलॉजिकल पिता से गुजारे भत्ते की मांग की थी। युवक ने कहा कि उसे अपने लीगल पिता से कोई भी मेटेंनेंस नहीं मिल रहा है।*

# जालोर भाजपा में उलटफेर: गुटबाजी को दरकिनार करने का प्रयास और जसराज पुरोहित के हाथ सौंपी कमान

डीबीडी संवाददाता । जालोर

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन महापर्व के तहत मंगलवार को जालोर भाजपा के नए जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी। सोमवार को जमा हुए 11 आवेदनों में से जसराज पुरोहित के नाम की घोषणा हुई। जसराज पुरोहित इससे पहले पार्टी में महामंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। जसराज पुरोहित के नाम की घोषणा के साथ पार्टी ने कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस नाम के साथ ही गुटबाजी को भी दरकिनार करने का प्रयास किया गया है। हालांकि जसराज पुरोहित के नाम के पीछे भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी की मजबूत पैरवी और संघ की विश्वसनीयता भी जुड़ी बताई जा रही है।



***5 साल बाद नया जिलाध्यक्ष:*** *जालोर को करीब 5 साल बाद नया जिलाध्यक्ष मिला है। घोषणा से पहले ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में सम्बोधन कार्यक्रम हुआ, जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। बाद में किसान आयोग अध्यक्ष और नागौर के पूर्व सांसद सीआर चौधरी और विष्णु चेतानी ने जसराज पुरोहित के नाम की घोषणा की।*

***पूराराम के बन सकते हैं उत्तराधिकारी:*** *बताया जा रहा है कि पार्टी ने चुनावी प्रक्रिया अपनाने के साथ ही सभी विधायकों और प्रत्याशियों से पैनल नाम मांगे थे। भीनमाल से पूर्व विधायक पूराराम चौधरी ने जसराज पुरोहित के नाम की पैरवी की। अंत में सभी समीकरण ध्यान में रखते हुए जसराज के नाम पर मुहर लगी। बाली (भीनमाल) निवासी जसराज पुरोहित भाजपा में जिला महामंत्री रहे है।*